सोमवार, 21 अप्रैल 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 25 |
| आर्द्रता | 86% |
| सूर्योदय: 5:11 | सूर्यास्त: 17:59 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** पैसा बेशक किसी भी इंसान को अमीर या गरीब बना सकता है पर छोटा या बड़ा नही!



चीनी आयात पर अमेरिकी शुल्क से भारतीय खिलौना विनिर्माता 'सुनहरे अवसर' का लाभ उठाने को तैयार -पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल सरकार मुर्शिदाबाद हिंसा प्रभावित लोगों की शिकायतों का समाधान करे : एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष

- एनसीडब्ल्यू ने कहा... 'मुर्शिदाबाद के पीड़ितों का दर्द अकल्पनीय'
- महिला आयोग ने राजनीतिक आरोपों पर भी दिया जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने रविवार को बंगाल सरकार से मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित लोगों, विशेषकर महिलाओं की शिकायतों के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोग एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है, जिसे शीघ्र ही केंद्र को सौंपा जाएगा और उसकी प्रतियां राज्य के शीर्ष अधिकारियों को भेजी जाएंगी। इस दिन, शहर के साल्टलेक स्थित एक होटल में रहाटकर ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले दो दिनों में वह और समिति की अन्य सदस्य कई महिलाओं, उनके परिवारों और बच्चों से मिली हैं। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि



पीड़िताओं ने जो यातनाएं झेली हैं, वे 'कल्पना से परे हैं, जिन्हें शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके मन पर गहरा घाव छोड़ गई हैं' जिन्हें मानवीय दृष्टिकोण के साथ तत्काल भरने और समाधान करने की जरूरत है। उन्होंने राज्य प्रशासन द्वारा विश्वास बहाली के उपायों की वकालत करते हुए कहा कि शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने कहा कि आयोग उन सभी महिलाओं के विचारों को शामिल करते हुए एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है -- जिन्होंने अपनी आपबीती सुनाई और जिन्होंने अपनी जान और गरिमा बचाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जैसी सुरक्षा एजेंसियों को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी जाएगी और इसकी प्रतियां जल्द ही पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और मुख्य सचिव को भेजी जाएंगी। क्षेत्र में बीएसएफ के शिविर खोले जाने संबंधी महिलाओं की मांग के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हां, उनमें से कई ने यही कहा है। क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है। हम निश्चित रूप से अपनी रिपोर्ट में उनके विचारों को शामिल करेंगे। रहाटकर ने राज्य सरकार से 'इन लोगों की पीड़ा को दूर करने के लिए शीघ्र और तत्काल कार्रवाई करने' की अपील की। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें न्याय दीजिए, उनके आंसू पोंछिए, उनके नुकसान (घरों और संपत्तियों को हुए नुकसान और सामान की लूट) की भरपाई के लिए तत्काल मुआवजे की व्यवस्था कीजिए। उन्होंने हिंसा प्रभावित इन लोगों के लिए उपयुक्त सुरक्षा और उनमें आत्मविश्वास की भावना पैदा करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा करना इस सरकार का नैतिक कर्तव्य है। वे हमारे अपने लोग हैं, वे राज्य की बेटियां हैं। रहाटकर ने कहा कि उन्होंने जो कुछ भी झेला, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई से बनाए गए घरों को टूटते और जलते हुए देखा। उन पर हमला किया गया, उन्हें धमकाया गया और बाहर निकाल दिया गया। महिलाओं पर अत्याचार किया गया, उन्हें उनके घरों से भगा दिया गया। उन्हें उन गांवों से भी निकाल दिया गया, जहां वे वर्षों से रह रही थीं। इतने दिनों में कोई भी उनसे मिलने नहीं आया। वे मुझसे पूछ रही थीं कि उनका क्या कसूर है। एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने अपने दौरे को याद करते हुए बताया कि एक मां अपने चार दिन के बच्चे के साथ अपनी जान बचाने के लिए भागी थी। नवविवाहित जोड़े के घर से भागने और उनके सारे सामान लूट लिए जाने की घटनाएं हुई हैं। एक महिला होने के नाते, मैं परेशान हूं क्योंकि हम दो दिनों तक मुर्शिदाबाद और मालदा (राहत शिविर) में घूमे। मैंने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, हमने उन्हें बताया कि पूरा देश आपके साथ है। वे पूरी तरह से टूट गई हैं हालांकि हमने उनसे कहा कि वे मानसिक रूप से मजबूत बनी रहें। रहाटकर ने कहा कि मैं बस इतना ही कहूंगी कि मैं राजनीति नहीं करना चाहती। मैं प्रताड़ित की गई बहनों के साथ खड़ी हूं। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने कहा कि ये लोग स्वयं उन महिलाओं से क्यों नहीं मिलते और उनकी पीड़ा को महसूस करने के लिए उनके साथ क्यों नहीं खड़े होते? उन्होंने जो कुछ झेला है, क्या वे हमारे अपने लोग नहीं हैं? रहाटकर ने आश्चर्य जताया कि राज्य महिला आयोग ने अभी तक इलाके का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कृपया उस मां से मिलिये जिसने अपने पति और बेटे को खो दिया है। सहानुभूति दिखाएं। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने राज्य प्रशासन द्वारा विश्वास बहाली के उपायों की वकालत करते हुए कहा कि शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

## राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे, ब्राउन यूनिवर्सिटी में देंगे भाषण

**न्यूयॉर्क :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका पहुंच गए हैं। अमेरिका पहुंचने के बाद गांधी ने यहां कारोबारियों और प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शनिवार को अमेरिका पहुंचे। वह 21-22 अप्रैल को रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के प्रमुख सैम पित्रोदा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज...राहुल गांधी, आपका अमेरिका में स्वागत है। आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें।'' पित्रोदा ने रविवार को एक पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी ने भारत की कारोबारी प्रतिभाओं के साथ सार्थक बातचीत की। उन्होंने कहा, हमने उद्यमशीलता, प्रौद्योगिकी, समावेशिता और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता के उभरते परिदृश्य पर चर्चा की।

## आज मुख्यमंत्री शालबनी में जिंदल के विद्युत उत्पादन संयंत्र का करेंगी शिलान्यास

- पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली भी आमंत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी का दौरा करने जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, वहां मुख्यमंत्री जिंदल समूह की एक ताप विद्युत परियोजना की आधारशिला रखने वाली हैं। इस कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को भी आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री आज कोलकाता से पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी पहुंचेगी जहां पर जिंदल समूह के 800 मेगावाट के विद्युत उत्पादन सयंत्र का शिलान्यास करेंगी। उसके बाद, मेदिनीपुर पहुंचेंगी और वहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद, मंगलवार को वह अग्निशमन विभाग सहित विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के उद्घाटन



समारोह में भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में 2008 में एक स्टील फैक्ट्री का निर्माण होना था। फैक्ट्री की आधारशिला भी आम जनता द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर रखी गई थी लेकिन उसका काम नहीं हो सका। जिसके कारण शालबनी के निवासियों के लिए घर के नजदीक रोजगार पाने का सपना अभी भी अधूरा है। यह ताप विद्युत संयंत्र दो हजार एकड़ औद्योगिक भूमि पर बनाया जाएगा। जिसकी आधारशिला राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रखेंगी।

## भारतीय वायुसेना के मिग-29, जगुआर विमान यूएई में बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेंगे

**नयी दिल्ली :** भारतीय वायुसेना संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 21 अप्रैल से आठ मई तक आयोजित हो रहे एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात की वायुसेना द्वारा आयोजित युद्ध अभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग-10' में भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर विमान शामिल होंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के अलावा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य व तुर्किये की वायुसेनाओं की टुकड़ियां इस अभ्यास में भाग लेंगी।

## पाकिस्तान: सरकार की नहर परियोजनाओं का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने हिंदू मंत्री पर हमला किया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सिंचाई के लिए जरूरी नदियों के बहाव के कम होने की आशंका जताते हुए नयी नहरों की योजना का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक हिंदू राज्य मंत्री पर हमला किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार में धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खील दास कोहिस्तानी शनिवार को प्रांत के थट्टा जिले से गुजर रहे थे, तभी उनके काफिले पर टमाटर और आलू फेंके गए। अधिकारियों ने बताया कि हमले में कोहिस्तानी को कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहिस्तानी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की और उन्हें घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जन प्रतिनिधियों पर हमला अस्वीकार्य है। घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। कोहिस्तानी सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सदस्य हैं। प्रदर्शनकारियों ने पार्टी की संघीय सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। संघीय सूचना मंत्री अत्ता तरार ने भी घटना का संज्ञान लिया और इसे हमला घोषित किया। तरार ने सिंध



के पुलिस महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन से घटना का ब्यौरा तथा संघीय गृह सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने भी इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हैदराबाद क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक को हमले में शामिल व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। नेशनल असेंबली की वेबसाइट पर मौजूद निजी जानकारी के अनुसार, कोहिस्तानी सिंध के जमशोरो जिले से संबंध रखते हैं और पहली बार 2018 में पीएमएल-एन के टिकट पर संसद के सदस्य चुने गए थे।

## पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित दुनिया का पहला शहर होगा अमरावती

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश की नई बनने वाली राजधानी अमरावती इतिहास रचने के लिए तैयार है, क्योंकि इसका लक्ष्य पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाला दुनिया का पहला शहर बनने का है। शहर के योजनाकार एक अत्याधुनिक लेकिन पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल 'जनता की राजधानी' बनाने की योजना बना रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि 2,700 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का दोहन करने की महत्वाकांक्षी योजना के साथ, शहर का लक्ष्य सौर, पवन और पनबिजली जैसे पर्यावरण अनुकूल (टिकाऊ) स्रोतों के माध्यम से अपनी सभी बिजली की जरूरतों को पूरा करना है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की पसंदीदा नई राजधानी शहर परियोजना भारत की नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है। कृष्णा नदी के तट पर नई राजधानी शहर की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसी महीने रखी जाने की उम्मीद है। 65,000 करोड़ रुपये की यह परियोजना 217 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है, जिसमें आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र 8,352 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि विजयवाड़ा और गुंटूर के बीच बनने वाली देश की सबसे नई राजधानी न केवल हरित शहरी नियोजन में भारत के नवाचार को प्रदर्शित करेगी, बल्कि वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में इसके नेतृत्व को भी मजबूत करेगी। नायडू ने कहा कि यह 2,700 मेगावाट क्षमता न केवल जीवाश्म ईंधन पर शून्य निर्भरता सुनिश्चित करेगी, बल्कि शहरी स्थिरता के लिए एक वैश्विक मानक भी स्थापित करेगी। अपने स्मार्ट सिटी डिज़ायन में अत्याधुनिक ऊर्जा अवसंरचना को एकीकृत करके, अमरावती दुनिया भर के भविष्य के शहरों के लिए एक मॉडल बनने की स्थिति में है। अधिकारियों ने बताया कि 2050 तक अमरावती को 2,700 मेगावाट (2.7 गीगावाट) बिजली की आवश्यकता होगी, जिसमें से न्यूनतम 30 प्रतिशत सौर और पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त होगी।

## भागवत ने एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया

**अलीगढ़ (उप्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने ''एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि'' के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक सद्भाव के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है। संघ प्रमुख अलीगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। भागवत ने एच.बी. इंटर कॉलेज और सासनी गेट इलाके में पंचन नगरी पार्क में आयोजित दो शाखाओं में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के सदस्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया है, जिसे केवल समरसता के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया। आरएसएस सूत्रों के अनुसार भागवत ने हिंदू समाज की आधारशिला के रूप में संस्कार के महत्व को रेखांकित किया और सदस्यों से परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों



पर आधारित समाज बनाने का आग्रह किया। उन्होंने आरएसएस सदस्यों से समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और उन्हें अपने घरों में आमंत्रित करने की वकालत की ताकि जमीनी स्तर पर सद्भाव और एकता का संदेश फैलाया जा सके। भागवत ने कहा कि परिवार समाज की मूलभूत इकाई है, जो संस्कार से प्राप्त मजबूत पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता की नींव को मजबूत करने के लिए त्योहारों के सामूहिक उत्सव को प्रोत्साहित किया। सत्रह अप्रैल से शुरू हुए अपने पांच दिवसीय दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख बृज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के आरएसएस प्रचारकों से प्रतिदिन मिल रहे हैं और उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं।

## मोदी-वेंस के बीच आज होगी वार्ता, अक्षरधाम मंदिर जाएंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के साथ व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा और समग्र द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों सहित कई प्रमुख मुद्दों पर आज बातचीत करेंगे और फिर शाम को उनके एवं भारतीय मूल की उनकी पत्नी उषा के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति, उनकी पत्नी उषा और उनके तीन बच्चे – इवान, विवेक और मीराबेल – चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत सोमवार पूर्वाह्न 10 बजे पालम एयरबेस पर उतरेंगे। वेंस ऐसे समय में भारत की अपनी पहली यात्रा करेंगे जब कुछ सप्ताह पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित लगभग 60 देशों के खिलाफ व्यापक शुल्क व्यवस्था लागू करने के बाद उसे स्थगित कर दिया था। भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार तक पहुंच सहित कई मुद्दों को शामिल किए जाने की संभावना है।

## भारतीय वैज्ञानिकों ने दूनिया के सबसे छोटे चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया

**नयी दिल्ली :** भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के 30 वैज्ञानिकों के एक दल ने सरकार को 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। ये इस समय तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप से भी छोटे हैं। इस दल ने सरकार को '2डी मटेरियल' नामक सेमीकंडक्टर सामग्रियों के एक नए वर्ग का इस्तेमाल करके प्रौद्योगिकी विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके जरिये इस समय वैश्विक उत्पादन में सबसे छोटे चिप के 10वें हिस्से जितना छोटा चिप बनाया जा सकता है। इस तरह सेमीकंडक्टर में भारत का नेतृत्व विकसित हो सकता है। इस समय सेमीकंडक्टर विनिर्माण में सिलिकॉन-आधारित प्रौद्योगिकियों का प्रभुत्व है। इसका नेतृत्व अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, आईआईएससी के वैज्ञानिकों के एक दल ने अप्रैल, 2022 में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी, जिसे संशोधित करके अक्टूबर, 2024 में फिर से पेश किया गया। बाद में रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ साझा किया गया। इस परियोजना में एंग्स्ट्रॉम-स्केल चिप विकसित करने की बात कही गई है, जो आज तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप्स से भी छोटे हैं। डीपीआर में ग्रेफीन और ट्रांजिशन मेटल डाइ-चेलकोजेनाइड्स (टीएमडी) जैसी बेहद बारीक सामग्रियों का उपयोग करके 2डी सेमीकंडक्टर के विकास का प्रस्ताव है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (मेइटी) के सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है। एक अधिकारी ने कहा, मेइटी इस परियोजना के बारे में सकारात्मक है। मेइटी के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और सचिव ने इस पर बैठकें की हैं। मेइटी ऐसे इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोगों की खोज कर रहा है, जहां इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।
मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।
सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho




A Fresh Reason to Return...!
- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## तत्काल सुधार से ही बनेंगी रहने लायक

दरअसल, जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं।

निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दर्शाया जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए। इस समस्या का सबसे बड़ा संकट कर्मचारियों की भारी कमी भी है। विडंबना यह है कि कुछ क्षेत्रों में तो सुधारात्मक कार्यों के लिये स्वीकृत पदों पर रिक्तियां साठ फीसदी तक पहुंच गई हैं। उदाहरण के लिये दिल्ली की जेलें 250 फीसदी से अधिक क्षमता के साथ संचालित की जा रही हैं। एक विसंगति यह भी है कि इन जेलों में वंचित समाज और हाशिये पर गए वर्गों के लोगों की संख्या अधिक है। जो न्याय प्रणाली में गहराई तक जड़ जमा चुकी असमानता को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर इस संकट से निबटने के लिये जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नजर आती है। जैसा कि शीर्ष अदालत बार-बार विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के निर्देश देती है, उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। यदि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और वैकल्पिक विवाद समाधान से विचाराधीन कैदियों की संख्या को कम कर दिया जाए, तो जेल व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। देश की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश करने की जरूरत है। समाज के वंचित वर्गों के लिये सहज कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाने की आवश्यकता है। जेलों को लंबे समय तक सजा देने की जगह नहीं बनाया जाना चाहिए। जेल को सुधार का केंद्र बना रहना देना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वहां कैदियों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। उनकी देखभाल के प्रति कितना संवेदनशील रवैया अपनाया जाता है। यदि हम ऐसा करते हैं तो हम उन पर कोई उपकार नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि यह उनका संवैधानिक अधिकार है।

# गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अब इसका शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए या बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाये कि राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए मांगे गये आवेदन में 20 अप्रेल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है वहीं इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में पीएच. डी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी षिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल है। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, आरएएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक रोजमर्रा की भाषा में कहें तो चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे हैं। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर देती हैं। आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं और चपरासी के पद के लिए योग्य है तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती पर फिर सीधा सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम है पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही।

इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं ना कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यों कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं। आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था। निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती है। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडी क्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यों कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं ना कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है। सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है पर वास्तव में इतना कहने भर से उन्हें काम के बोझ की मुक्ति मिल जाती है। यह तस्वीर का एक पहलू है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती है तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है, दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है जिससे दोहरा नुकसान होता है एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है वह काम तो करना ही नहीं है। अभी कुछ समय पुरानी ही बातें हैं और लगभग सभी जगह हालात यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांष चयनित उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं और उनकी सेवाएं आफिस में क्लर्की के रुप में ली जाने लगी। इससे अधिकांश नगर निकायों की सफाई व्यवस्था तो प्रभावित हुई ही साथ ही असली दावेदार तो बेरोजगार ही रह गए और रोजगार के नाम पर ऐसी भर्तियां हुई जो बोझ बनकर ही रह गई। यह वास्तविकता का एक पक्ष है दूसरा पक्ष तो उच्च योग्यता होने के बाद भी उसके अनुसार नौकरी नहीं मिलना है। इसके लिए किसे दोष दिया जाए। सवाल यह उठता है कि बीटेक व्यक्ति को इंजीनियरिंग का काम नहीं मिलता है तो फिर उसकी पढ़ाई का मतलब ही क्या है। सवाल यह है कि जिस तरह से निजी क्षेत्र में नए नए इंजीनियरिंग कालेज, एमबीए कालेज खोले गये और उनमें शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता पर ध्यान ही नहीं दिया गया तो केवल डिग्री से क्या होने वाला है।

समस्या इतनी साधारण नहीं है जितनी इसे समझा जा रहा है। यह बढ़ती बेरोजगारी की समस्या नहीं है अपितु कहीं ना कहीं हमारी संपूर्ण व्यवस्था का ही दोष है। हालात का समग्रता के साथ विश्लेषण करना होगा नहीं तो चपरासी हो या सफाई कर्मी इतने ही नहीं अपितु इनसे भी ज्यादा आवेदन आएंगे और भर्ती भी होगी, नौकरी पर भी आयेंगे, वास्तविक युवाओं के लिए रोजगार समस्या ही बना रहेगा, सरकारी खर्चा तो योंही होता रहेगा पर जिस उद्देश्य से या जिस काम के लिए पदों को भरा जाना है उसमें हालात नहीं बदलने वाले हैं। फिर यह कहना कि सफाई कर्मी है पर सफाई नहीं हो रही या चपरासी है पर चपरासी के काम करने वालों की कमी है तो हालात ऐसे ही रहने वाले हैं। यह समूची व्यवस्था के सामने चुनौती है और इसका समाधान खोजना ही होगा।

# सामाजिक एवं आर्थिक विकास में जनसम्पर्क की महत्वपूर्ण भूमिका



बाल मुकुन्द ओझा

राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 अप्रैल, सोमवार को मनाया जा रहा है। जनसंपर्क अपने आप में एक व्यापक शब्द है। जनसंपर्क एक ऐसी विधा है जो हमारे रोजमर्रा के जीवन से भी जुड़ी है। जनसंपर्क का मतलब है जनता से संपर्क रखना। जनसंपर्क ऐसी प्रक्रिया है, जो सम्पूर्ण सत्य एवं ज्ञान पर आधारित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए की जाती हैं। जनसंपर्क दो शब्दों जन एवं संपर्क से मिलकर बना हुआ है अर्थात जनता से संपर्क। जनसंपर्क के साधन अनेक प्रकार के होते हैं, जैसे टेलेविजन, समाचारपत्र, फिल्म ,पत्रिकाएं रेडियो, विज्ञापन, वीडियो खेल और सीडी आदि। उन्हें मास मीडिया इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे एक साथ बहुत बड़ी संख्या में दर्शकों, श्रोताओं एवं पाठकों तक पहुँचते हैं। जनसंपर्क का क्षेत्र आज बेहद बड़ा हो गया है। जनसंपर्क का कार्य पारदर्शिता और सुशासन को भी सशक्त बनाता है। सरकारी और निजी क्षेत्र में जनसंपर्क कार्य की बदौलत संस्थान के श्रेष्ठ कार्यों को आमजन से अवगत करवाने में सहयोग मिलता है। जनसंपर्क का कार्य पारदर्शिता और सुशासन को भी सशक्त बनाता है। जनसम्पर्क के जरिये हम संप्रेषण माध्यमों को सुधारने और सूचनाओं तथा समझ के दोनों दिशाओं में प्रवाह के लिए एक नई राह स्थापित कर सकते है। जनसम्पर्क शब्द को लेकर देश में अनेक भ्रांतिया उत्पन्न हो रही है। लोग इस शब्द की व्याख्या अपने अपने तरीके से कर रहे है। कुछ लोग इसे अपने व्यवसाय से जोड़ कर देखते है तो कुछ छवि निर्माण के लिए। पुराने समय में राजाओं के चारण भाट भी कुशलता पूर्वक यह कार्य करते थे। वे राज्य की समृद्धि और रक्षा के लिए अपनी जान भी दांव पर लगा देते थे। एक राज्य से दूसरे राज्य में सूचना के संवाहक का काम भी करते थे।

### राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस

पौराणिक काल में महर्षि नारद को जनसम्पर्क का पुरोधा माना और स्वीकार किया जाता था। धीरे धीरे समय और काल के परिवर्तन के साथ जनसम्पर्क की परिभाषा बदलने लगी। जो कार्य समर्पण की भावना से किया जाता था वह अब रोजी रोटी के लिए किया जाने लगा। साथ ही इसकी व्याख्या भी लोग अपने ढंग से करने लगे।

भारत में 21 अप्रैल का दिन राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1958 में भारत अंतरराष्ट्रीय जनसंपर्क संघ का सदस्य बना। एक दशक बाद भारत में 21 अप्रैल 1968 को पूरी दुनिया के जनसंपर्ककर्मी दिल्ली में एकत्र हुये थे। जहाँ भारत में जनसंपर्क की अंतरराष्ट्रीय आचार संहिता का अंगीकार किया था। उस दिन यह निर्णय लिया गया था कि 21 अप्रैल का दिन राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। तब से 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम रेस्पोंसिबल यूज ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : रोल ऑफ पब्लिक रिलेशंस रखी गई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, को बोलचाल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता कहा जाता है। यह एक तकनीकी क्षेत्र है जिसमें मशीनों और कंप्यूटर सिस्टम्स को इंसानों की तरह सोचने, समझने और फैसले लेने के लिए तैयार किया गया है। इस तकनीक का उद्देश्य मशीनों को इतना सक्षम बनाना है कि वे जटिल समस्याओं का हल निकाल सकें और अपने आप सीख सकें। वह हर स्थिति को इंसानी समझ की तरह समझे और फिर उसका हल दे सकें

आज किसी भी संस्था की साख बनाने के लिए जनसंपर्क एक आवश्यक अंग माना जाता है। सरकारों के अलावा निजी संस्थाएं भी जनसंपर्क के माध्यम से अपनी साख बनाने का कार्य करती है। भारत के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में जनसम्पर्क आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और देखते ही देखते जनसम्पर्क पहले की तुलना में एक प्रतिष्ठित पेशा बन गया है, यह एक बड़ा कैरियर क्षेत्र भी बनकर उभर रहा है।

जनसंपर्क का कार्य विशिष्ट लोगों को भ्रमण करवाने, फोटो खिंचवाने, रुकवाने अखबारों में समाचार छापने व बैठकों के कार्यवाही विवरण लिखने तक सीमित नहीं है। जनसंपर्क के क्षेत्र मे काम करने वाले पेशेवर को जनता के नब्ज व अपने संस्था के बारे मे पूरी जानकारी होना चाहिये। उसका मुख्य कार्य जनता की नब्ज को पहचान कर तदनुरूप सुविधाएँ सुलभ करना है। सूचनाओं को जनता तक पहुंचाने व जनता की प्रतिक्रिया को प्रबंधन तक पहुंचाने का काम जनसंपर्क अधिकारी को मुस्तैदी से करना चाहिए।

भारत में जनसम्पर्क का कार्य बहुत विस्तृत है। इसे एक संस्थान से ऊपर उठकर देखने की जरुरत है। असल में जनसम्पर्क का कार्य जनमत निर्माण का भी है। अगर दिशा और दशा सही हो तो यह एक कल्याणकारी सरकार के निर्माण का कार्य भी जनसम्पर्क का है। हम कह सकते है गरीबी, बेकारी से लड़ने का हथियार भी जनसम्पर्क है। स्वास्थ्य सुविधाएँ जन जन तक पहुँचाने का कार्य भी जन संपर्क का है। जनसम्पर्क का कार्य बहुत व्यापक है इसे करने वाले व्यक्ति का दिल दिमाक भी इसके अनुरूप बड़ा होना चाहिए तभी जनसम्पर्क का उद्देश्य पूर्ण हो।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 अप्रैल, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी, 18:53 तक , नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 12:25 तक , योग : साध्य, 22:49 तक, सूर्योदय: 5:13, सूर्यास्त: 17:58, चन्द्रोदय : 00:28, चन्द्रास्त: 11:23, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 06:50 से 08:25

## राशिफल

**मेष :** आज आपको पदोन्नति दी जा सकती है। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष :** आज सेहत में कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियाँ धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिये संकल्पित रहेंगे।

**मिथुन :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम पूरा होने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**कर्क :** आज मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय लें।

**सिंह :** आज पारिवारिक आयोजन टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**कन्या :** आज शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे।

**तुला :** आज नये कार्यों में मन लगेगा। मित्रों से सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम को साथियों से महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को गम्भीरता से लेंगे।

**वृश्चिक :** कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा।

**धनु :** आज मानसिक स्थिति नकारात्मक रहेगी। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर सन्देह न करें। ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिये। धन को लेकर दिक्कतें उत्पन्न हो सकती हैं।

**मकर :** आज लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**कुम्भ :** आज उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

**मीन :** आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय काफी हल्का महसूस करेंगे।

## विदेश की खबरें

# इजराइल के पास गाजा में लड़ाई जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं: नेतन्याहू

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को फिर कहा कि इजराइल के पास गाजा में लड़ाई जारी रखने के अलावा ''कोई विकल्प नहीं'' है और वह हमास को समाप्त करने, बंधकों को मुक्त कराने और यह सुनिश्चित करने से पहले युद्ध समाप्त नहीं करेगा कि यह क्षेत्र इजराइल के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा। नेतन्याहू ने यह भी दोहराया कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सके। नेतन्याहू पर युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा कराने का दबाव न केवल बंधकों के परिवारों और उनके समर्थकों से है बल्कि सेवानिवृत्त सैनिक भी इजराइल द्वारा युद्धविराम तोड़े जाने



और युद्ध जारी रखने पर सवाल उठा रहे हैं। नेतन्याहू ने एक बयान जारी करके कहा कि हमास ने युद्धविराम जारी रखने के लिए आधे बंधकों को रिहा करने संबंधी इजराइल के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 48 घंटों में इजराइली हमलों में 90 से ज्यादा लोगों के मारे जाने के बाद नेतन्याहू ने यह बात कही। इजराइली सैनिक हमास पर बंधकों को रिहा करने और हथियार डालने का दबाव बनाने के लिए हमले तेज कर रहे हैं। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, रात भर में हमले में मारे गए 15 लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में कम से कम 11 लोग मारे गए। इनमें से अधिकतर लोग मुवासी क्षेत्र में विस्तापितों के लिए तंबुओं से बनाए गए विशाल शिविर में रहते थे।

## माउंट एवरेस्ट पर 31वीं बार चढ़ने का प्रयास करेंगे प्रसिद्ध शेरपा गाइड कामी रीता, तोड़ेंगे अपना ही रिकॉर्ड

**काठमांडू :**(एपी) दुनिया के सबसे प्रख्यात पर्वतारोहण मार्गदर्शकों में शामिल एक गाइड 31वीं बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेंगे- और संभवत: वह 32वीं बार भी ऐसा करें- और खुद का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। कामी रीता (55) रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए। वह पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व करेंगे जो वसंत ऋतु में पर्वतारोहण के मौसम में 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने का प्रयास करेंगे। काठमांडू हवाई अड्डे पर 'एसोसिएटेड प्रेस' से बात करते हुए कामी रीता ने कहा, मैं मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से पर्वत पर चढ़ने के लिए तैयार हूं। फिलहाल मेरी शारीरिक स्थिति सर्वश्रेष्ठ स्तर पर है। माउंट एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा 30 बार चढ़ने का रिकॉर्ड उनके नाम है। पिछले साल मई में उन्होंने दो बार इस चोटी पर चढ़ाई की थी। उन्होंने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता अपने साथियों को चोटी के शिखर तक पहुंचाना है। उसके बाद मैं तय करूंगा कि मैं सीजन के दौरान एक से ज्यादा बार चोटी पर चढ़ूंगा या नहीं। यह मौसम और पहाड़ की परिस्थितियों




पर निर्भर करेगा। माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक बार चढ़ाई करने के मामले में उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी और साथी शेरपा गाइड पासंग दावा हैं, जिन्होंने पर्वत पर 27 बार सफलता-पूर्वक चढ़ाई की है। कामी रीता ने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वह लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। वह कई शेरपा गाइडों में से एक हैं जिनकी विशेषज्ञता व कौशल हर साल पहाड़ की चोटी पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले विदेशी पर्वतारोहियों की सुरक्षा व सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## सिंगापुर में अधिक भारतीय कर रहे हैं स्नातक, औसत आय में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई: मंत्री

**सिंगापुर :** सिंगापुर के गृह एवं विधि मंत्री के.षणमुगम ने कहा कि सिंगापुर में भारतीय समुदाय ने उल्लेखनीय प्रगति की है और राष्ट्रीय आंकड़े औसत घरेलू आय और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सुधार दर्शाते हैं। सिंगापुर की जनगणना के आधार पर उन्होंने कहा कि 25 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में से 41 प्रतिशत के पास 2020 में डिग्री थी, जबकि 2000 में यह संख्या 16.5 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि 10 में से चार भारतीय स्नातक हैं। समाचार पत्र 'स्ट्रेट्स टाइम्स' ने शनिवार को मंत्री के हवाले से अपनी खबर में कहा,'' कुछ तो आव्रजन के कारण है लेकिन बड़ी संख्या, समुदाय की स्थिति में सुधार होने के कारण है।'' यह बात उन्होंने स्वयं सहायता समूह 'सिंगापुर इंडियन डेवलपमेंट एसोसिएशन' (सिंडा) से जुड़े दानदाताओं, साझेदारों और स्वयंसेवकों के लिए आयोजित सराहना समारोह में कही। इस संगठन की गतिविधियों में समुदाय को शिक्षा सहायता प्रदान करना भी शामिल है। षणमुगम सिंडा के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में भी कमी आई है। उन्होंने बताया कि 2020 में लगभग 18 प्रतिशत भारतीयों ने माध्यमिक शिक्षा के बिना ही स्कूल छोड़ दिया, जबकि 2000 में यह आंकड़ा 38 प्रतिशत था।

## रूस 'युद्ध विराम का आभास' पैदा करने की कोशिश कर रहा है, जबकि हमले जारी हैं : जेलेंस्की

**कीव :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को रूस पर ईस्टर के मौके पर युद्ध विराम का सम्मान करने का झूठा दिखावा करने का आरोप लगाया और कहा कि मॉस्को ने रात भर हमले जारी रखे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में एकतरफा अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' ईस्टर की सुबह तक हम यह कह सकते हैं कि रूसी सेना युद्ध विराम की सामान्य धारणा बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन कुछ स्थानों पर, यह यूक्रेन पर हमला करने और नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को नहीं छोड़ती है। '' पुतिन द्वारा शनिवार को ईस्टर युद्ध विराम की घोषणा के बावजूद, जेलेंस्की ने रविवार सुबह कहा कि यूक्रेनी सेना ने अग्रिम मोर्चे पर विभिन्न क्षेत्रों में रूसी गोलाबारी की 59 घटनाएं और साथ ही कई ड्रोन हमले दर्ज किए हैं। जेलेंस्की ने बाद में 'एक्स' पर कहा कि यूक्रेन द्वारा रूसी कार्रवाइयों के प्रति सममित दृष्टिकोण की घोषणा के बावजूद सुबह 10 बजे के बाद से रूसी गोलाबारी और ड्रोन हमलों में वृद्धि हुई है।

## नेपाल में भारतीय नागरिक गिरफ्तार, दस लाख नेपाली रुपये बरामद

**काठमांडू :** नेपाल में रविवार को 23 वर्षीय एक भारतीय नागरिक को बिना किसी दस्तावेज के दस लाख नेपाली रुपये ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इसने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी राज कुमार ठाकुर भारतीय नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी उसे नेपाल के रौतहट जिले के मौलापुर नगर पालिका में रोका गया। पुलिस ने बताया कि नियमित जांच के दौरान पुलिस ने उसके पास से दस लाख नेपाली रुपये बरामद किये। पुलिस ने बताया कि उसे हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## वर्ग पहेली नं. 3069



*बायें से दायें:-* 1) नाश, 4) अकारण, 7) शरण, 9) घोड़े के खुर में लगाने का अर्धचंद्राकार लोहे का टुकड़ा, 10) मरणासन्न, 12) स्वार्थ, 14) नुक़सान, 15) एक *महाभारत* कालीन सवारी, 17) भूल, 20) एक दिशा, 21) राजधानी *दिल्ली* शहर में एक प्रमुख महामार्ग, 23) बैठा हुआ, 25) कपासी, 26) करधनी , 28) चुना हुआ, 29) भुखमरी.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अनुत्तीर्ण; अयोग्य; ख़राब, 3) दीया, 4) अपेक्षाकृत अच्छा, 5) महोदय, 6) सवाल का जवाब, 8) इज़्ज़त; प्रसिद्धि, 10) पृथक, 11) छुटकारा, 13) गीला, 16) एक मिठाई, 18) फुहारा, 19) प्राण, 21) नागरिक, 22) एक सम्मान-उपहार; मुँडासा, 23) प्रतिकूल; दो से भाग देने पर पूर्ण विभक्त न होनेवाली संख्या, 24) जोबन; यौवन, 25) ज़च्चा, 27) बिछौनी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ■ | आ | ज्ञा | ■ | बा | द | शा | ह | त |
| क़ा | ■ | स | त | ल | ज | ■ | ■ | ज़ा | ■ |
| ब | ह | रा | ■ | ह | रा | म | खो | र | ■ |
| ला | त | ■ | गौ | री | ■ | दि | ल | ■ | मो |
| ■ | ब | हु | त | ■ | आ | रा | ■ | त | ह |
| खा | ल | ■ | म | ग | रा | ■ | ति | ल | क |
| म | ■ | भा | ■ | ■ | म | त | ल | ब | ■ |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | म | ■ | गा | ना |
| ह | या | त | ■ | ति | रं | गा | ■ | र | टा |

**Mob. No. 08329510310**

# मुर्शिदाबाद हिंसा 'राजनीतिक फायदे के लिए रची गई', न्यायिक जांच कराई जाए : मो. सलीम

## माकपा ने कहा... केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे को 'सबका सत्यानाश' में बदल दिया



**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुए सांप्रदायिक दंगों की न्यायिक जांच की मांग करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा ने 2026 के विधानसभा चुनावों में फायदा उठाने के लिए मिलकर हिंसा रची। इस दिन, कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में माकपा के सहयोगी संगठनों की रैली से 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान का बिगुल फूंकते हुए पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि तृणमूल और भाजपा बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए 'प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता' में लिप्त हैं। सलीम ने कहा कि हम सच्चाई सामने लाने के लिए मुर्शिदाबाद दंगों की न्यायिक जांच चाहते हैं। तृणमूल और भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता में लिप्त हैं, जो आम लोगों को प्रभावित करने वाले वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने की एक हताश चाल के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल को ऐसी स्थिति में ले जाने की कोशिश कर रही है जहां लोगों के बीच भाईचारा और एकता खत्म हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा 'सुनियोजित' थी और यह राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को धर्म के आधार पर बांटने का प्रयास था। अधिसूचित वक्फ (संशोधन) अधिनियम का जिक्र करते हुए सलीम ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया और उस पर लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कानून (वक्फ संशोधन अधिनियम) पूरे देश के लिए संशोधित किया गया है। इसके खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन मुर्शिदाबाद को छोड़कर कहीं भी दंगे नहीं हुए। इससे गंभीर सवाल उठते हैं। वामपंथी नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल 2026 के चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए 'एक-दूसरे की मदद' कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 2026 के चुनावों से पहले भाजपा और तृणमूल एक-दूसरे की मदद कर रही हैं, ताकि धर्म के नाम पर माहौल बनाया जा सके और लोग बंट जाएं। सलीम ने कहा कि 2026 (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) की लड़ाई यहीं से शुरू होनी चाहिए। उन्होंने समर्थकों और सहानुभूति रखने वालों से माकपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ाने के लिए मेहनत करने का आग्रह किया। ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित विशाल रैली में बड़ी संख्या में श्रमिक एवं किसान संगठन तथा अन्य वाम समर्थक की उपस्थिति पर उन्होंने कहा कि केवल बैठक में संख्या बल दिखाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि राजनीतिक लड़ाई को जमीनी स्तर तक ले जाना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र के विकास के नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' के अपने नारे को 'सबका सत्यानाश' में बदल दिया है। माकपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद दंगे भाजपा और तृणमूल के बीच मौन सहमति से सुनियोजित थे। सलीम ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने मिलीभगत करके इस हिंसा को अंजाम दिया। यह लोगों के भरोसे के साथ शर्मनाक विश्वासघात है। माकपा ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की और पश्चिम बंगाल के लोगों से विभाजन की खतरनाक राजनीति के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। माकपा सचिव ने कहा कि दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए। सलीम ने कहा कि पुलिस सुधार यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि वे स्वतंत्र रूप से कार्य करें।

**❑ 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान**

सीटू की पश्चिम बंगाल इकाई के राज्य सचिव अनादि चरण साहू ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने मजदूर वर्ग पर हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि आजीविका के मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल शासित पश्चिम बंगाल में नौकरी के अवसरों की कमी के कारण लोगों को काम की तलाश में अन्य राज्यों में जाना पड़ रहा है। साहू ने लोगों से रोजगार और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर 20 मई को आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेने का आग्रह किया। कई मजदूर संघों ने श्रम संहिताओं को खत्म करने, निजीकरण को रोकने और भारतीय श्रम सम्मेलन के माध्यम से नियमित परामर्श आयोजित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

# राज्यपाल से मिली राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम, हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के बारे में दी जानकारी

**❑ राष्ट्रीय महिला आयोग दिल्ली लौटने के बाद विस्तृत रिपोर्ट करेगी प्रस्तुत**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की टीम ने राज्य के मालदह और मुर्शिदाबाद में हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद रविवार को राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस से मुलाकात की। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों ने कोलकाता स्थित राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि आज हमने राज्यपाल से मुलाकात की और अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान जो भी देखा और सुना है, उसके बारे में राज्यपाल को अवगत कराया है। मैंने यह भी कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार को महिलाओं और उनके परिवारों की रक्षा के लिए बहुत सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि उन्हें राहत मिले और डर का माहौल खत्म हो जाए। उन्होंने राज्यपाल से मिले आश्वासन पर कहा कि उनकी तरफ से कहा गया है कि परिवारों की सुरक्षा सरकार को जरूर करनी चाहिए। साथ ही महिलाओं और उनके परिवारों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हालांकि, आज हमने उन्हें कोई रिपोर्ट नहीं दी है, सिर्फ चर्चा की गई है और जैसे ही रिपोर्ट तैयार होगी तो उनके (राज्यपाल) पास भी भेजी जाएगी। अगर हमारी जरूरत फिर पड़ेगी तो जरूर आएंगे।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्याः सीएलडब्ल्यू-डीकेएई-415-ईएलईसी-सीएपीएयूजीआर।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्र.सं.: [01]।निविदा सं.: सीएलडब्ल्यू-डीकेएई-415-ईएलईसी-सीएपीएयूजीआर। कार्य का नामः** ईएलएएयू/डानकुनी की उत्पादन क्षमता वृद्धि के लिए सामान्य सेवा (विद्युत)। **निविदा मूल्य (रुपये में):** ₹ 1,16,83,927.45 (एक करोड़ सोलह लाख तिरासी हजार नौ सौ सत्ताईस रुपये और पैंतालीस पैसे) मात्र। **निविदा दस्तावेज का मूल्य (रुपये में):** ₹ 5,000.00 (पांच हजार रुपये) मात्र। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रुपये में):** ₹ 2,08,400.00 (दो लाख आठ हजार चार सौ रुपये) मात्र। **पूर्णता अवधिः** 06 (छह) महीने। **टिप्पणीः** (i) पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। (ii) **संपर्क नंबरः 03212-230003।** (iii) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **02.05.2025 को 12:30** बजे है।

PR1/001 एईई/योजना/डानकुनी

Like us on : www.facebook.com/clwrailways

# भांगड़ को लेकर लालबाजार की सक्रियता, चार प्रस्तावित थानों को शुरू करने की तैयारी



**कोलकाता :** क्या भांगड़ अब लालबाजार के लिए अतिरिक्त सिरदर्द बनता जा रहा है? हाल ही में वक्फ बिल को लेकर भांगड़ में पैदा हुई अशांति के बाद से पुलिस इस इलाके को लेकर काफी सतर्क हो गयी है। पहले भी कई राजनीतिक मुद्दों के चलते यह इलाका कई बार तनावग्रस्त रहा है।

इस स्थिति को संभालने के लिए लालबाजार (कोलकाता पुलिस मुख्यालय) अब भांगड़ डिवीजन में प्रस्तावित चार नए थानों-हातिशाला, विजयगंज बाज़ार, माधवपुर और बोदरा-को दुर्गा पूजा से पहले सक्रिय करने की योजना बना रहा है।

शनिवार को कोलकाता पुलिस कमिश्नर की मासिक क्राइम कंट्रोल मीटिंग में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इन चार थानों को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

फिलहाल इन थानों की सरकारी अधिसूचना जारी हो चुकी है, लेकिन कामकाज अभी भी पुराने चार थानों-पोलेरहाट, उत्तर काशीपुर, भांगड़ और चंदनेश्वर-से ही संचालित हो रहा है। इन्हीं थानों के ओसी (थाना प्रभारी) के अधीन फिलहाल प्रस्तावित थानों का प्रबंधन हो रहा है।

पुलिस अब अलग-अलग बटालियन गठन की दिशा में भी योजना बना रही है, जिससे कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। पूजा से पहले इन थानों को पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आयकर अधिकारी बनकर लूटपाट, दो महिला व एक सीआरपीएफ जवान समेत सात गिरफ्तार



**पुरुलिया :** पुरुलिया के कोटशिला थाना अंतर्गत बामनिया गांव में आयकर विभाग के अधिकारी बनकर एक व्यवसायी के घर डकैती की वारदात से सनसनी फैल गई है। घटना के दस दिन बाद शनिवार को जिला पुलिस ने मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में दो महिलाएं और एक सीआरपीएफ जवान शामिल हैं। घटना 8 अप्रैल की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उस दिन बदमाशों के एक समूह ने खुद को केंद्रीय आयकर विभाग का अधिकारी बताकर बामनिया गांव में एक व्यापारी के घर पर छापा मारा था। उन्होंने करीब साढ़े सात लाख रुपये नकद और सोना लूट लिया। बात यहीं खत्म नहीं हुई, वे गिरफ्तारी के बहाने परिवार के एक सदस्य को अपने साथ ले गए। बाद में, लुटेरों ने उस व्यक्ति को झारखंड के जोना इलाके में छोड़ दिया। पुरुलिया जिला पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई। जिला पुलिस ने विभिन्न स्रोतों के आधार पर जांच शुरू की। उस सूचना के आधार पर झारखंड और कोटशिला इलाके से इन सात लोगों को गिरफ्तार किया। रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में दो महिलाएं, और एक सीआरपीएफ जवान शामिल हैं। उन्हें आज पुरुलिया जिला न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस बात की जांच की जा रही है कि घटना में कोई और शामिल है या नहीं।

**Name Change**

I, MD FARHAN NASIM, son of Nasim Uddin, residing at Panchpara, Radhadasi, Sankrail, Howrah – 711317, do hereby solemnly affirm and declare that my names MD FARHAN NASIM and FARHAN NASIM refer to one and the same identical person as affirmed in an affidavit sworn before a First Class Magistrate. I further declare that my mother's names JAINAB KHATOON and ZAINAB KHATOON also refer to one and the same person, as confirmed in an affidavit sworn before an Executive Magistrate. This declaration is made for all legal and official purposes.

I, MD SAIF ALI, son of Nasim Uddin, residing at Panchpara, Radhadasi, Sankrail, Howrah – 711317, do hereby declare that my names MD SAIF ALI, MD SEF ALI, and SAIF ALI refer to one and the same person, as affirmed in an affidavit sworn before a First Class Magistrate. I further declare that my mother's names JAINAB KHATOON and ZAINAB KHATOON also refer to one and the same person, as confirmed in an affidavit sworn before an Executive Magistrate. This declaration is made for all legal and official purposes.

I, Zainul Abdin ( old name ) S/O Abdul Aziz, residing at Rajghati, P.O.- Nandudih, P.S.- Satgawan, District-Koderma, Jharkhand, Pin-825132, India, have changed my name and shall henceforth be known as Md Zainul Abdin (new name) as declared before the notary public at kolkata, dated 17/04/2025. Md Zainul Abdin (new name) and Zainul Abdin (old name ) both are same and identical person.

# मुर्शिदाबाद हिंसा पर अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता से मांगा इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित मालवीय ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार करने का आरोप लगाने के लिए मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर रविवार को निशाना साधा और मुर्शिदाबाद हिंसा को रोकने में कथित विफलता के कारण उनके इस्तीफे की मांग की। मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री लगातार दावा कर रही हैं कि मुर्शिदाबाद हिंसा की साजिश बाहरी तत्वों ने रची थी लेकिन 11-12 अप्रैल को जिले के कुछ हिस्सों में हुए दंगों को लेकर राज्य पुलिस बल का बयान उनके दावों के विपरीत है। इस दिन, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के सह-प्रभारी मालवीय ने ममता बनर्जी के आरोपों का पुरजोर खंडन करते हुए 'एक्स' पर लिखा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनसे सभी नागरिकों की निष्पक्ष सेवा करने की अपेक्षा की जाती है लेकिन ममता बनर्जी ऐसा करने के बजाय अपने आधिकारिक 'लेटरहेड' का उपयोग कर अपने प्रशासन की विफलताओं के लिए मुख्य विपक्षी दल और एक गैर-राजनीतिक संगठन को दोषी ठहरा रही हैं। ऐसा तब किया जा रहा है, जब उनके अपने पुलिस बल ने उनके इस कथन को खारिज कर दिया है कि मुर्शिदाबाद में हिंदू विरोधी हिंसा बाहरी तत्वों ने भड़काई थी। भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख ने कहा कि हाल में उन्होंने एक वाक्य को दोहराना शुरू किया है: 'मैंने पहले उनका नाम नहीं लिया, लेकिन अब ले रही हूं।' विडंबना यह है कि उन्होंने कुछ ही दिनों पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधने के लिए भी इसी वाक्य का इस्तेमाल किया था और उन पर उन्होंने पहले भी बिना सबूत के आरोप लगाए हैं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ भी इसी तरीके से लगातार, निराधार और राजनीति से प्रेरित आरोप लगा रही हैं। भाजपा नेता ने ममता के कार्यकाल के दौरान सालों पहले हुए खागरागढ़ विस्फोट का जिक्र करते हुए कहा कि इस रणनीति का एक और सटीक उदाहरण खागरागढ़ आतंकी विस्फोट के दौरान था जिसमें जमात के सदस्य शामिल थे। उस समय एक तृणमूल नेता द्वारा किराए पर लिए गए घर में विस्फोट हुआ था। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने अपने वोट बैंक को बचाने के लिए आरएसएस पर बिना किसी सबूत के आरोप लगा दिया था। ऐसा लगता है कि जब भी उनकी राजनीतिक स्थिति खतरे में होती है तभी वह हिंदू समुदाय को निशाना बनाने लगती हैं। मालवीय ने मुख्यमंत्री पर विश्वसनीयता खोने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठता है: राज्य की मुख्यमंत्री और सीआईडी पर सीधे नजर रखने वाली राज्य की गृह मंत्री होने के नाते ममता बनर्जी से मुर्शिदाबाद हिंसा की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है, खासकर तब जब उनकी अपनी सरकार में राज्य के शीर्ष अधिकारियों का एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है? भाजपा नेता ने कहा कि राज्य पुलिस को रैलियों के बारे में पहले से जानकारी थी। फिर उन्हें पहले से क्यों नहीं रोका गया? क्या भीड़, हथियार और पत्थर अचानक से आ गए? उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बार-बार जनता को गुमराह किया है। जवाबदेही तय करने में बहुत देर हो गई है- ममता बनर्जी को पद छोड़ देना चाहिए।

# मुर्शिदाबाद में हिंसा के दौरान पिता-पुत्र की हत्या का मुख्य आरोपित जियाउल शेख गिरफ्तार

**❑ हत्याकांड में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी, चौथे आरोपित को दिनाजपुर जिले से पकड़ा गया**

**❑ 100 से अधिक एफआईआर, 276 लोग गिरफ्तार**



**मुर्शिदाबाद :** राज्य के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार आरोपित का नाम जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है। वह 12 अप्रैल को अपराध की घटना के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा में उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने 12 अप्रैल को मृतक के घर पर तोड़फोड़ करने और हरगोबिंदो दास, उसके बेटे चंदन दास की हत्या करने के लिए भीड़ को उकसाया और साजिश रची। उन्होंने बताया कि पुलिस के पास 12 अप्रैल को अपराध स्थल पर उसकी मौजूदगी साबित करने के लिए सभी सबूत, सीसीटीवी फुटेज और उसके मोबाइल फोन टावर की लोकेशन है। बता दें कि इससे पहले पुलिस ने दो भाइयों कालू नादर और दिलदार और इंजमाम उल हक को दोनों की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कालू को बीरभूम जिले के मुराराई से गिरफ्तार किया गया, उसके भाई दिलदार को सुती पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत बांग्लादेश सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया। तीसरे आरोपी को जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुरीपारा से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि हमने मुर्शिदाबाद हिंसा मामलों में 100 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं। हमने अब तक इन मामलों में 276 लोगों को गिरफ्तार किया है। वक्फ अधिनियम में संशोधन को लेकर हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम तीन लोग मारे गए थे।

## आगामी गुरुवार को सिलीगुड़ी आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी सप्ताह 24 और 25 अप्रैल को फांसीदेवा स्थित संतोषिनी हाई स्कूल मैदान में अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद का नौवां सम्मेलन होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल और सिक्किम के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी लोगों की परंपराओं और संस्कृति पर प्रकाश डाला जाएगा। यह आयोजन लगभग आठ भागों में आयोजित किया जाएगा। उद्यमियों का मानना है कि अध्यक्ष द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति से इस आयोजन में नया आयाम जुड़ेगा।

# एसएससी सोमवार को जारी करेगा योग्य-अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची, ओएमआर शीट भी होगी सार्वजनिक



**कोलकाता :** पिछले कुछ हफ्तों से पश्चिम बंगाल में नौकरी रद्द को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म है। इसी बीच अब पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) सोमवार को योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची जारी करने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस बार लगभग 22 लाख परीक्षार्थी होने के कारण यह सूची दो चरणों में जारी हो सकती है। साथ ही, अभ्यर्थियों को उनकी ओएमआर शीट भी दिखाने की तैयारी है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा समर्थन दिए जाने के बावजूद, कई 'योग्य' परंतु नौकरी से वंचित अभ्यर्थी सड़कों पर उतर आए थे और विभिन्न डीआई कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन किए थे। वे 21 अप्रैल को नबान्न अभियान की योजना भी बना चुके थे।

इसी तनावपूर्ण स्थिति के बीच, शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के साथ नौकरी से वंचित उम्मीदवारों के एक समूह की बैठक हुई। बैठक के बाद ही एसएससी ने योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने की घोषणा की।

अब जब आयोग 21 अप्रैल, सोमवार को सूची जारी करने जा रहा है, तब 'संयुक्त मंच' नामक संगठन ने नबान्न अभियान को स्थगित करने का फैसला लिया है। उन्होंने यह निर्णय पुलिस को भी सूचित कर दिया है।

एसएससी अब इस वादे को निभाने के लिए पूरी तैयारी में जुटा हुआ है और उम्मीद है कि ओएमआर शीट के साथ सूची सोमवार को सार्वजनिक कर दी जाएगी।

**सियालदह मंडल में चलने वाली मातृभूमि ईएमयू लोकलों की निर्दिष्ट कोचों में पुरुष यात्री अब यात्रा कर सकते हैं**

मातृभूमि लोकल ट्रेनों, जो वर्तमान में काफी कम संख्यक यात्रियों के साथ चल रही हैं, की सम्पूर्ण क्षमता का सदुपयोग सुनिश्चित करने तथा साधारण यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सियालदह नॉर्थ एवं सेंट्रल सेक्शनों में चलने वाली **सभी मातृभूमि लोकलों** (यानी **ट्रेन सं. 33401/33402 बारासात-सियालदह-बारासात, 33801/33802 बनगाँव-सियालदह-बनगाँव, 31601/31602 रानाघाट-सियालदह-रानाघाट एवं 31801/31802 कृष्णनगर सिटी जंक्शन-सियालदह-कृष्णनगर सिटी जंक्शन) के सियालदह छोर से चौथी पाँचवीं एवं छठवी कोच में** साधारण यात्रियों के साथ पुरुष यात्रियों को यात्रा करने की अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है इसी तरह सियालदह साऊथ सेक्शन में चलने वाली **मातृभूमि लोकलों** (यानी **ट्रेन सं. 34501/34502 सियालदह-कैनिंग-सियालदह एवं 34601/34602 सियालदह-बारुईपुर-सियालदह**) में साधारण यात्रियों को भी यात्रा करने की अनुमति दी गई है।

इसके अलावा यात्रियों की सुविधा में बढ़ोतरी के लिए सियालदह मंडल पहले ही सभी ईएमयू ट्रेनों के साथ सभी मातृभूमि लोकलों में 09 कोच सेवा के स्थान पर 12 कोचों की विस्तारित सेवा की शुरुआत कर चुका है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल संभालने में ममता बनर्जी पूरी तरह विफल : दिलीप घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को भाजपा नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने समर्थन किया है। दिलीप घोष ने कहा कि बहुत लोग यह बात बोल रहे हैं कि अब राज्य में राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए। ममता बनर्जी की सरकार राज्य को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। जब तक राष्ट्रपति शासन नहीं लगेगा, तब तक न लोगों की जान सुरक्षित रहेगी और न ही बंगाल में किसी तरह का सकारात्मक परिवर्तन संभव है। घोष ने कहा कि वह गुंडों और हथियारों के बल पर चुनाव जीतने की तैयारी कर रही हैं, जो कि बंगाल के लिए अत्यंत घातक है। ममता सरकार कोई ठोस काम नहीं कर रही है और जब भी कोई गंभीर मामला सामने आता है, वह उसका दोष किसी और पर थोप देती हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अब तक की सबसे निकम्मी मुख्यमंत्री साबित हुई हैं और उनके शासनकाल में बंगाल का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जब राज्य में दंगे और हिंसा होती है तो पुलिस नदारद रहती है। दंगाइयों को पकड़ने के लिए पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती और बाहर आकर झूठे बयान देती है। घोष ने यह भी कहा कि आज जब भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं, तो ममता सरकार उनके काम में भी अड़चन डाल रही है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार बीएसएफ की तैनाती बढ़ाए ताकि सीमावर्ती इलाकों में शांति और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने कहा कि जब अन्य राज्यों में राष्ट्रपति शासन लग सकता है, तो बंगाल में क्यों नहीं? अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार सख्त कदम उठाए।

# 'माकपा बंगाल में लगातार अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता खो रही', तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा ने रविवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह राज्य में लगातार राजनीतिक प्रासंगिकता खो रही है। टीएमसी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने संवाददाताओं से कहा कि माकपा ने यह झूठा विमर्श गढ़ा है क्योंकि वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विभिन्न विकास पहल का मुकाबला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि टीएमसी भाजपा और संघ परिवार की धर्म आधारित राजनीति से लड़ रही है। माकपा का बंगाल के लोगों से जुड़ाव खत्म हो गया है। विधानसभा में उनके पास कोई विधायक नहीं है और लोकसभा में (राज्य से) कोई सांसद नहीं है। जल्द ही, माकपा के पास बंगाल से राज्यसभा में भी कोई सदस्य नहीं बचेगा। दूसरी तरफ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि केरल को छोड़कर सभी राज्यों में माकपा की स्थिति शून्य हो चुकी है, क्योंकि उनकी नीतियों का देश के लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी और विकास-समर्थक नीतियों की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि माकपा क्या कहती है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वे निकट भविष्य में कभी सत्ता में वापस नहीं आ पाएंगे।

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मंदिर के उद्घाटन से पहले दीघा के समुद्र में तैरती मिली जगन्नाथ की लकड़ी की मूर्ति, मची हलचल

**पूर्व मेदिनीपुर :** भगवान जगन्नाथ की एक लकड़ी की मूर्ति रविवार की दोपहर दीघा के मैती घाट पर समुद्र में तैरती हुई पाई गई। निर्माण कार्य में लगे मजदूर यह चमत्कारी दृश्य देखकर हैरान रह गए और खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। यह स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच उत्साह और धार्मिक भावनाएं पैदा करता है। हर कोई मूर्ति को देखने के लिए दौड़ पड़ा। बताया जा रहा है कि मैती घाट पर नए घाट का निर्माण कार्य चल रहा था। अचानक, राजमिस्त्रियों ने समुद्र की लहरों के साथ एक लकड़ी की मूर्ति तैरती हुई देखी। उन्होंने तुरंत



उसे उठाया और किनारे पर ले आये। यह घटना शीघ्र ही पूरे तटीय शहर में फैल गयी। तट पर लाई गई मूर्ति को देखकर स्थानीय लोगों में आवर्य और भक्ति की भावना फैल गई। बात यहीं खत्म नहीं होती। बता दें कि आगामी अक्षय तृतीया के दिन, 30 अप्रैल को मैती घाट के निकट एक नए जगनाथ मंदिर का उद्घाटन किया जाना है। और यह तथ्य कि भगवान जगन्नाथ की यह लकड़ी की मूर्ति मंदिर के ठीक सामने तैर रही है, ने इसके रहस्य और धार्मिक महत्व को और भी गहरा कर दिया है। स्थानीय निवासी और तीर्थयात्री इसे ईसर का आशीर्वाद मानते हैं। कई लोग कहते हैं कि यह कोई साधारण घटना नहीं है ऐसा लगता है मानो स्वयं परमेश्वर ने नये मंदिर के सामने अपने आगमन की घोषणा कर दी ही। कुछ लोगों का मानना है कि भले ही यह मूर्ति किसी अज्ञात स्रोत से तैरकम आई हो, लेकिन जिस तरह और जिस समय यह मिली, उसे दैवीय संकेत' के रूप में देखा जाना चाहिए। स्थानीय प्रशासन फिलहाल मूर्ति को सुरक्षित रख लिया है और मंदिर प्रशासन घटना की गंभीरता को समझते हुए पूरी जांच और धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी कर रहा है।

# कूचबिहार में फिर एक बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**कूचबिहार :** कूचबिहार में फिर एक बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि युवक सीमा पार कर इस देश में आया था। आरोपी का नाम साहिन अली है। वह बांग्लादेश के पगलाबारी गांव का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार की रात कूचबिहार के शालमारा बाजार में एक अज्ञात युवक संदिग्ध रूप से घूमता देखा गया। उसे देखकर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। उन्होंने ही पुलिस को सूचना दी। साहेबगंज पुलिस वहां गयी और उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी। पता चला है कि युवक सीमा क्षेत्र पार कर कूचबिहार आ गया था। उसके पास से कोई वैध दस्तावेज



नहीं मिले। भारत-बांग्लादेश की लंबी सीमा पर कोई कंटीली तारें नहीं हैं। भटकते-भटकते वह अनजाने में भारतीय धरती पर पहुंच जाता है। उन्होंने यही दावा किया। फिर भी वह रात में सीमा क्षेत्र में क्यों घूम रहा था? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। पुलिस ने आगे की पूछताछ के लिए घुसपैठिये को गिरफ्तार कर लिया है। क्या यह युवक आपराधिक गतिविधि में शामिल है? या फिर क्या उनकी उस क्षेत्र में आकर जांच करने की कोई योजना थी? जांचकर्ता पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## मई के महीने में माध्यमिक का रिजल्ट! छात्रों में उत्सुकता चरम पर


**कोलकाता :** माध्यमिक परीक्षा समाप्त हो चुकी है, अब सभी की नजरें टिकी हैं रिजल्ट पर। छात्र-छात्राएं और अभिभावक उत्सुकता से इंतज़ार कर रहे हैं कि कब आएगा परीक्षा का परिणाम। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीबीएसई) मई महीने के दूसरे सप्ताह में परिणाम घोषित कर सकती है। हालांकि अब तक परिषद की ओर से कोई आधिकारिक तारीख घोषित नहीं की गई है, लेकिन 12 मई से 20 मई के बीच रिजल्ट जारी होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। परिषद से जुड़े सूत्रों का कहना है कि 12 मई को रिजल्ट जारी करने का लक्ष्य रखा गया है और सभी तैयारियां उसी दिशा में आगे बढ़ रही हैं। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक वेबसाइट पर नज़र रखें और किसी भी फर्जी सूचना से बचें। परिणाम घोषित होते ही छात्र अपने रोल नंबर के माध्यम से ऑनलाइन रिजल्ट देख सकेंगे।

## जेईई मेन में बंगाल की देवदत्ता मांझी और अर्चिस्मान टॉप 24 में, होनहारों को मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस वर्ष खड़गपुर और कटवा के दो प्रतिभाओं अर्चिस्मन नंदी और देवदत्त माझी ने जेईई मेंस 2025 यानी संयुक्त प्रवेश (मुख्य) परीक्षा में राज्य को गौरवान्वित किया। ये दोनों प्रतिभाएं उन 24 मेधावियों में शामिल हैं, जिन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रकाशित सूची में 100 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। पश्चिम बंगाल के दो प्रतिभाशाली छात्र देवदत्ता मांझी और अर्चिस्मान नंदी ने जेईई मेंस 2025 में 100 परसेंटाइल हासिल कर देशभर के टॉप प्रदर्शन करने वाले छात्रों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस उपलब्धि पर दोनों छात्रों को बधाई दी है और कहा है कि यह राज्य के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देवदत्ता और अर्चिस्मान ने जेईई मेंस 2025 में 100 परसेंटाइल प्राप्त किया है। ये दोनों 2023 में अपनी-अपनी माध्यमिक परीक्षा में भी शीर्ष रैंक लाने में सफल रहे थे। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दोनों छात्रों को एक जून 2023 को 'विश्व बांग्ला मेला प्रांगण' में सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि देवदत्ता मांझी ने पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से पढ़ाई की और आगे की शिक्षा पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत जारी रखी। देवदत्ता राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'विद्यासागर साइंस ओलंपियाड 2022' में भी टॉप रैंक हासिल कर चुकी हैं, जिससे उनकी प्रतिभा और परिश्रम की पुष्टि होती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इन दोनों छात्रों की सफलता राज्य की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को दर्शाती है। राज्य सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## एनसीसी की दो नेवल इकाई को लगातार तीसरे वर्ष मिला सर्वश्रेष्ठ यूनिट ट्राफी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनसीसी के कोलकाता ग्रुप सी मुख्यालय अंतर्गत 2 नेवल इकाई को लगातार तीसरे वर्ष पूरे बंगाल और सिक्किम निदेशालय में सर्वश्रेष्ठ वायु/नौसेना इकाई का पुरस्कार मिला है। कोलकाता के दो दिवसीय दौरे पर आए एनसीसी के महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने गुरुवार को यहां एनसीसी क्लब हाउस में आयोजित भव्य समारोह में 2 नौसेना इकाई के कमांडिंग आफिसर कमांडर नासिर अहमद अजीज को सर्वश्रेष्ठ यूनिट ट्राफी प्रदान किया। इस मौके पर बंगाल और सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस यूनिट को पहली बार साल 2022-23 में सर्वश्रेष्ठ यूनिट ट्राफी मिला था। इस उपलब्धि को जारी रखते हुए यूनिट ने लगातार तीसरी



बार यह प्रतिष्ठित ट्राफी जीती है। मालूम हो कि एनसीसी की 2 नौसेना इकाई ने हाल ही में एनसीसी के सबसे साहसी और कुशल नौसेना कैडेटों द्वारा आयोजित विशेष नौकायन अभियान के सबसे लंबे चरण को भी अंजाम दिया था।इस यूनिट ने पूरे वर्ष विभिन्न राष्ट्रीय शिविरों में भाग लिया है, जैसे अखिल भारतीय नौसैनिक शिविर, विशेष नौकायन अभियान, रिपब्लिक डे, लड़कियों के लिए अखिल भारतीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आदि। 2 नौसेना इकाई के कमांडिंग आफिसर के नेतृत्व में इसके कैडेटों, कर्मियों व सिविलियन स्टाफ ने विभिन्न सामाजिक कार्यों जैसे वृक्षारोपण, रक्तदान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नमामि गंगे, स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ जहाज और प्रतिमा सफाई आदि कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया है।

## अवैध संबंध के संदेह में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या, आरोपी फरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के मगराहाट थानांतर्गत उड़ेलचांदपुर गांव में पत्नी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पति ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या कर दी। मृतका का रक्तरंजित शव घर से बरामद किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आरोपी पति फरार है।

मिली जानकारी के अनुसार, सुश्मिता मंडल की शादी कुछ साल पहले गोपीनाथ मंडल नामक युवक से हुई थी। दंपति के दो बच्चे भी हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से लगातार विवाद चल रहा था। पड़ोसी उदय मंडल ने बताया कि आरोपी



गोपीनाथ स्वभाव से बेहद गुस्सैल था और छोटी-छोटी बातों पर लोगों से मारपीट करता था। पड़ोसियों के साथ भी उसका व्यवहार अच्छा नहीं था। इसी बीच रविवार सुबह सुश्मिता की खून से सनी लाश घर के अंदर मिली, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परोपकार, सेवा कार्य से अर्जित पुण्य वास्तविक अर्जित धन, मानव जीवन की सार्थकता है

**कोलकाता :** मानव जीवन की सार्थकता परोपकार, सेवा कार्य में है। श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारी लाल सोती ने कहा अर्जित धन का सदुपयोग कर समाजसेवी प्रदीप तोदी, शोभा तोदी (लक्स फाउंडेशन) एवम् परिवार के सदस्यों ने विशुद्धानंद हॉस्पिटल में वातानुकूलित वार्ड को मानव सेवा को समर्पित कर सेवा कार्य, परोपकार की प्रेरणा दी है। समाजसेवी प्रदीप तोदी ने कहा परोपकार, सेवा कार्य से अर्जित पुण्य वास्तविक अर्जित धन है। हॉस्पिटल में सेवाओं की सराहना करते हुए समाजसेवी प्रदीप तोदी ने हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समारोह में डॉक्टर गोविन्द




राजगढ़िया, विश्वनाथ सेक्सरिया, रामकिशन गोयल, सुशील आसोपा, वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर त्रिवेदी एवम सभी अतिथि वक्ताओं ने लक्स फाउंडेशन, तोदी परिवार की सामाजिक कर्तव्य निष्ठा की सराहना की। प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल ने क्रिटिकल हेल्थ केयर को ध्यान में रखते हुए डिजिटल एवम अत्याधुनिक सुविधाओं सहित स्मार्ट आई सी यू विभाग, ऑक्सीजन प्लांट, सिटी स्कैन, डायलीसिस, आर्थोपेडिक, डायबिटिक, अत्याधुनिक डेंटल, ऑपरेशन थियेटर, ई एन टी, नेत्र चिकित्सा एवम सभी विभागों की निरन्तर प्रगति के लिये भामाशाह दानदाताओं, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जगमोहन बागला, गिरधारीलाल मस्करा, हेमचन्द अग्रवाल, विष्णु शर्मा, दीपक बंका, अनिल चौधरी, मनोज पराशर, पवन फतेहपुरिया, सुरेश बेरीवाल, बलदेव केडिया, राधेश्याम सोनी, घीसाराम गोयल, संदीप गर्ग, संतोष नोपानी, निर्मल केडिया, विनोद जालान, नरेन्द्र बागड़ी, चांद रतन लखानी, महावीर रावत एवम कार्यकर्ता सक्रिय रहे। सत्यनारायण तिवाड़ी ने सेवा गीत की प्रस्तुति से भाव विभोर किया। धन्यवाद ज्ञापन हेमचन्द अग्रवाल, संचालन दीपक बंका ने किया।

## कृष्णनगर-लालगोला सेक्शन में लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने 19 अप्रैल को कृष्णनगर-लालगोला खंड में बेलडांगा और सरगाछी स्टेशनों के बीच लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परियोजना के तहत, लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 117/ई को बंद करते हुए यह सबवे तैयार किया गया।



इस निर्माण से ट्रैक सुरक्षा और परिचालन की विश्वसनीयता को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही पैदल यात्रियों और वाहनों के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। यह सबवे कट एंड कवर विधि से बनाए गए 10 आरसीसी बॉक्सों की मदद से तैयार किया गया, जिसकी कुल लंबाई 15.3 मीटर है। कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु दोनों ओर 16 मीटर की शीट पाइलिंग की गई। ट्रैफिक ब्लॉक सुबह 10:15 बजे से लेकर दोपहर 16:04 बजे तक रहा, और यह कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया गया।

इस परियोजना के माध्यम से ट्रैक के नीचे संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी और लेवल क्रॉसिंग पर निर्भरता समाप्त कर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाएगा। इस ब्लॉक अवधि के दौरान कई अन्य महत्वपूर्ण रखरखाव कार्य भी किए गए, जिनमें 3.2 किमी ट्रैक का डिस्ट्रेसिंग, 132 स्लीपरों का प्रतिस्थापन, और स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का सफलतापूर्वक बदलाव शामिल है।

## ब्रेक बाइंडिंग के कारण ट्रेन को कुछ देर के लिए रोका गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा-पटना विशेष ट्रेन (अप 02023) को पल्ला रोड और शक्तिगढ़ स्टेशन के बीच अप कॉर्ड लाइन पर 15:18 बजे से 15:35 बजे तक ब्रेक बाइंडिंग के कारण अस्थायी रूप से रोका गया। इस समस्या को गार्ड और सहायक लोको पायलट ने सुधार लिया, जिसके बाद ट्रेन अपनी मंजिल की ओर रवाना हो गई। वर्दवान में भी ट्रेन की जांच की गई और यह पाया गया कि ट्रेन पूरी तरह से चलने के लिए फिट है। वर्तमान में ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर चल रही है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**कोलकाता :** नदिया जिले के राणाघाट थानांतर्गत मासुंदा इलाके में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा देर रात हुआ जब तेज रफ्तार मोटरबाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लाइट पोस्ट से टकरा गई। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों युवक बाइक से उछलकर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में राणाघाट महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान नक्षत्र विश्वास (19) और प्रसनजीत घोष (32) के रूप में हुई है। दोनों नवपाड़ा मासुंदा ग्राम पंचायत के साहेबडांगा गांव के निवासी थे। परिवार वालों ने बताया कि दोनों युवक मेले में जाने की बात कहकर रात को घर से निकले थे। नक्षत्र अपने पिता की बाइक लेकर निकला था। पूरी रात वे वापस नहीं लौटे और सुबह उन्हें इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिली। इस मामले की जांच जारी है।

## मातृभूमि लोकल ट्रेनों में पुरुष यात्रियों को मिली आंशिक अनुमति, सियालदह मंडल का बड़ा निर्णय

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल द्वारा संचालित मातृभूमि लोकल ट्रेनों में अब तीन कोचों में पुरुष यात्रियों को यात्रा की अनुमति दी गई है। वर्तमान में सियालदह मंडल की छह जोड़ी मातृभूमि ईएमयू लोकल ट्रेनें - दो जोड़ी सियालदह मुख्य (कृष्णनगर और रानाघाट की ओर), दो जोड़ी उत्तर (बंगांव और बारासात) तथा दो जोड़ी दक्षिण खंड (कैनिंग और बारुईपुर की ओर) में संचालित हो रही हैं। हाल ही में सियालदह स्टेशन पर बुनियादी ढांचे में सुधार के बाद अब सभी महिलाएं विशेष ट्रेनें 12 कोच की ईएमयू रेक में चल रही हैं, जो पहले 9 कोच की होती थीं।

रेलवे द्वारा इन ट्रेनों की औसत पैसेंजर आंकड़ों की समीक्षा में यह सामने आया कि अधिकतम 75% सीटों का ही उपयोग हो रहा है, जिससे 25% सीटें खाली रह जाती हैं, जो कि लगभग तीन कोचों के बराबर है।

इसी के मद्देनज़र रेलवे ने इन कोचों में सामान्य (पुरुष) यात्रियों को अनुमति देने का निर्णय लिया है। सियालदह छोर से 4ठे, 5वें और 6ठे कोच में अब पुरुष यात्री यात्रा कर सकेंगे। इस संबंध में अधिसूचना जारी की जा चुकी है। साथ ही, महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए सभी ईएमयू रेक में एक अतिरिक्त महिला कोच जोड़ा गया है। रेलवे का मानना है कि यह निर्णय यात्रियों की भीड़ को संतुलित करेगा और यात्रा को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाएगा। यात्रियों से सहयोग की अपील की गई है।

# एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ में कक्षा ग्यारह के नए विद्यार्थियों का स्वागत समारोह



**हावड़ा :** शहर के स्वनामधन्य शिक्षण संस्थान एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ के सभागार में नये सत्र के लिए कक्षा ग्यारह में दाखिल विद्यार्थियों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य उन्हें विद्यालय के शैक्षणिक ढांचे, नियमों से परिचित कराना था ताकि उनकी शैक्षणिक यात्रा सुगम और सरल हो सके। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल, निदेशक नीलकंठ गुप्ता, प्रधानाध्यापक बिश्वजीत मजूमदार, शैक्षणिक समन्वयक संचिता सरकार, गार्गी मुखर्जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई, जिसमें कक्षा ग्यारह की कुछ छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ के इतिहास में एक नई शुरुआत का आगाज हुआ, हालांकि विद्यालय ने पिछले वर्ष ही छात्राओं के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे लेकिन कक्षा ग्यारह से एक बार फिर छात्र और छात्राओं दोनों के लिए अपने दरवाजे खोलकर एक स्वर्णिम युग की शुरुआत की। इसके पश्चात कक्षा ग्यारह के बच्चों के स्वागत के लिए गर्मजोशी और सकारात्मक स्वर में गीत गाया गया। इस गीत के द्वारा उन्हें मूल्यवान महसूस कराया गया तथा साथ ही अपनेपन की भावना को बढ़ाने पर बल दिया गया।

चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने तथा ज्ञान प्राप्त करने की अपनी पिपाशा को बढ़ाने की सलाह देकर प्रेरित किया। निदेशक नीलकंठ गुप्ता ने अपने भाषण में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ को सह-शिक्षण संस्थान बनाने का सपना आखिरकार साकार हो गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में केंद्रित रहने



तथा सभी के लिए अनुकूल सम्मानजनक वातावरण बनाकर सीखने, आगे बढ़ने तथा समृद्ध होने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ विद्यालय समन्वयक संचिता सरकार ने विद्यार्थियों द्वारा अपनाए जाने वाले मार्ग को निर्धारित किया तथा विद्यालय की आचार संहिता के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के कप्तान कुणाल तिवारी द्वारा भी विद्यार्थियों को संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने भी सह-शिक्षा के महत्व को समझाया। विद्यार्थियों द्वारा उनके नेतृत्व में शपथ ग्रहण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा को बनाए रखने की नैतिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए एकजुट रहने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को आशीर्वाद और उपहार स्वरूप सकारात्मक सोच पर पुस्तकें भेंट करने के साथ हुआ।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ने 24 घंटे का एआई हैकथॉन का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने दो दिवसीय पूर्व भारत का सबसे बड़ा 24 घंटे का एआई हैकथॉन 'एजीनाइट' का आयोजन किया। यह हैकथॉन आईएनटी टेक्नोलॉजी द्वारा 19 और 20 अप्रैल को कोडबडी के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस हैकथॉन में पूर्व भारत के विभिन्न संस्थानों और संगठनों से 300 से अधिक छात्र और आईटी पेशेवरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एआई, जो वर्तमान में उद्योगों को तेजी से बदल रहा है, का उपयोग करते हुए वास्तविक समय की समस्याओं को हल करना था। जनरेटिव एआई के माध्यम से उद्योग के नेताओं, नवा-चारकों और शीर्ष प्रतिभाओं को एक साथ लाया गया। आईएनटी टेक्नोलॉजी के संस्थापक अभिषेक रुंगटा ने कहा, युवाओं और पेशेवरों में अद्वितीय प्रतिभा है, जिसका सही




तरीके से उपयोग करना आवश्यक है। यह हैकथॉन उन्हें इस दिशा में अवसर प्रदान करता है। हम विजेताओं को उनके नवाचारी विचारों पर आधारित उद्यमों को इनक्यूबेट करने के लिए तैयार हैं। कोडबडी के संस्थापक अभिषेक गुप्ता ने भी इस हैकथॉन में भाग लेने वाले युवाओं के उत्साह को प्रेरणादायक बताया।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ पी.के. अग्रवाल ने इस आयोजन में छात्रों और पेशेवरों की भागीदारी को उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा, एआई भविष्य है और जैसे-जैसे हम नवाचार करेंगे और जनरेटिव एआई का उपयोग करेंगे, हम आने वाले दिनों में बड़ी सफलताएं प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन हेरिटेज ग्रुप के उपाध्यक्ष विक्रम स्वरूप और संस्थापक ट्रस्टी संजय अग्रवाल भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन में प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

## कल्याणी एम्स में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया




**कल्याणी :** रविवार को नदिया जिला के कल्याणी एम्स रक्त केंद्र व मां फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसके अवसर पर मां फाउंडेशन के चेयरमैन अभिजीत दत्ता, युवा शक्ति कांचरापाड़ा के अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह, सचिव संजय यादव, जीवन ज्योति फाऊंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश साहा, सचिव अमित कुमार खरवार, संतोष साव, राजू रजक, अभीषेक साव, चंचल चौधरी, अजय साव,राजू रजक, सौरभ चंद्रा, विवेक कांति, रजत शर्मा और अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर एम्स कल्याणी के डायरेक्टर रामजी सिंह ने कहा कि इस तरह से सामाजिक संस्थाओं के समाज में लोगों की मदद करने के लिए आगे आने से चिकित्सा व्यवस्था और अच्छे बेहतर सेवा लोगों को दे सकते हैं।

## हावड़ा मंडल की शताब्दी पर भव्यता और इतिहास से सजा हावड़ा स्टेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल वर्ष 2025 में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हावड़ा स्टेशन भारत की स्थापत्य और सांस्कृतिक विरासत के गौरवशाली प्रतीक के रूप में सामने आता है। 19वीं सदी की शुरुआत में जहां आज स्टेशन स्थित है, वहां पुर्तगाली मिशनरियों के डोमिनिकन संप्रदाय द्वारा संचालित एक अनाथालय था। बाद में यह भूमि ईस्ट इंडियन रेलवे को सौंप दी गई, जिसने स्टेशन निर्माण का कार्य शुरू किया। प्रारंभ में स्टेशन एक प्लेटफॉर्म और मिट्टी की झोपड़ी तक सीमित था, परंतु कुछ इतिहासकारों के अनुसार यह एक स्तंभयुक्त विशाल संरचना थी, जो हुगली नदी के किनारे स्थित थी।

1855 में सेरामपुर के कालिदास मोइत्रा ने अपनी पुस्तक द स्टीम इंजन एंड द ईआईआर में स्टेशन की



वास्तुकला का विस्तृत वर्णन किया है। स्टेशन की प्रारंभिक संरचना लाल ईंटों से बनी थी, जिसकी छत टीन की चादरों की थी। 1865 और 1895 में दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म जोड़े गए, लेकिन आकार में वे छोटे थे। 1901 से 1911 के बीच प्रसिद्ध आर्किटेक्ट हॉल्सी रिकाडो द्वारा डिजाइन किया गया वर्तमान भवन तैयार हुआ, जिसकी रोमनस्क शैली, ईंटों की मेहराबें, आठ मीनारें और भव्य अग्रभाग इसे विशिष्ट बनाते हैं।

इस भवन की उत्तर-पूर्व मीनार पर एक विशाल घड़ी लगाई गई थी, जिसे हुगली पार से भी देखा जा सकता था। स्टेशन का कॉन्कोर्स क्षेत्र स्थापत्य सुंदरता का उदाहरण है। यह स्टेशन न केवल भारत के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है, बल्कि इतिहास, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाली एक जीती-जागती धरोहर भी है।

# चंदननगर पुलिस की बड़ी सफलता, डानकुनी शूटआउट मामले में दो अपराधी गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के तहत डानकुनी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 7 फरवरी 2025 की संध्या को राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप श्रीराम ग्रैंड सिटी के पास हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गोलीबारी में बैंडेल निवासी बंटी साव गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद डानकुनी और आसपास के क्षेत्रों में भारी हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही डानकुनी थाने के प्रभारी निरीक्षक शांतनु सरकार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस दल मौके पर पहुंचा। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर अमित पी. जवालगी, डीसीपी अर्णब विश्वास, एसीपी एमडी अली रजा और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम भी तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को सील कर दिया गया।

घटनास्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को दो संदिग्धों की पहचान करने में सफलता मिली। प्राथमिक जांच के दौरान बंटी साव के पिता ने भी घायल अवस्था में पड़े अपने बेटे की पहचान की थी। जांच के क्रम में पुलिस ने पहले बैंडेल इलाके से अनिल साव उर्फ दिलीप को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने कबूला कि वह इस घटना में शामिल था और उसके साथ एक अन्य साथी भी मौजूद था। इसके बाद पुलिस ने 11 अप्रैल को मुंबई से सिराजुद्दीन शाह उर्फ कैप्टन को गिरफ्तार किया। 12 अप्रैल 2025 को दोनों आरोपियों को श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान इस हमले के पीछे की गहरी साजिश का पर्दाफाश हो सकता है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में और भी कई नाम सामने आ सकते हैं। अधिकारियों का मानना है कि यह एक सुनियोजित आपराधिक साजिश हो सकती है, जिसकी जड़ें राज्य से बाहर भी फैली हो सकती हैं।

## शासन में नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास में गिरफ्तार आरोपियों के घर पर तोड़फोड़ के आरोप में तीन गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के शासन थाना ने एक नाबालिग से दुष्कर्म करने और मामले को मध्यस्थता के जरिए दबाने के प्रयास के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बार, आरोपी के घर में तोड़फोड़ के सिलसिले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम मो. इरशाद अली (37), अजीजुल हक (24) और शकील हुसैन (23) है। रविवार को जब उन्हें बारासात अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने चार दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। यह घटना पिछले गुरुवार को शुरू हुई थी। उस दिन, शासन के दादपुर पंचायत क्षेत्र निवासी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की घर पर अकेली थी। कथित तौर पर पड़ोसी हन्नान अली ने मौके का फायदा उठाया और घर में घुस आया। उसपर किशोरी लड़की से दुष्कर्म का आरोप है। आरोपी ने पीड़िता को मामला गुप्त रखने की धमकी भी दी। समस्या तब शुरू हुई जब नाबालिग बीमार हो गयी। परिवार के सदस्य सशंकित हैं। इसके बाद, पीड़िता फूट-फूट कर रोने लगी और पूरी घटना बताई। आरोप है कि जैसे ही गांव में अफवाह फैलने लगी तो आरोपियों ने मध्यस्थता बैठक बुलाई और लाखों रुपये लेकर मामले को निपटाने की कोशिश की। हन्नान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि मध्यस्थता बैठक नूर आलम और अनवर अली द्वारा आयोजित की गई थी। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के एक वर्ग ने आरोपी के घर पर धावा बोल दिया। उन्होंने कथित तौर पर हन्नान के घर में ईंटों, पत्थरों और लाठियों से तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने अब उस घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## उत्तर हावड़ा तेरापंथ युवक परिषद ने रक्त दान शिविर का किया आयोजन



**हावड़ा :** उत्तर हावड़ा तेरापंथ युवक परिषद द्वारा रविवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 लोगों ने रक्त दान किया मुख्य अतिथि के रूप में गोलाबारी थाना प्रभारी सुदीप सिंह मौजूद रहे सभी का उत्साह बढ़ाया और समाज से अपील करी हर समाज को रक्त दान का आयोजन करना चाहिए जिससे कि जरूरत मंद लोगों को दिक्कत ना हो। शिविर में समाज के और अनेकों गणमान्य लोग मौजूद ऐपश्रीमती योगिता अनूप नेवटिया, तेरापंथ सभा के ट्रस्टी बुधमल लूनिया, प्रवीण सिंघी, समाज सेवी रितेश खटेड़,मनोज पांडेय,टीपीएफ के रितेश दुगड़, विवेक बांठिया, शिविर को सफल बनाने में महावीर दुगड़, विनीत कोठारी, संदीप डागा, विनीत भंसाली, निश्चल रंका, दिनेश लूनिया, आशीष जैन, विवेक बांठिया, देव टांटिया, राज सिंघी, रोहित संचेती, रजत बैद और महिला विंग्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# शांति संदेश के नाम पर ममता फैला रही हैं नफरत : शुभेंदु अधिकारी

❑ भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री के अपील पर साधा निशाना



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि वह 'शांति संदेश' के नाम पर नफरत फैलाने का काम कर रही हैं। उन्होंने ममता पर अपने पद और सरकारी साधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री वोटबैंक की राजनीति के तहत समाज में जहर घोल रही हैं। रविवार को जारी अपने बयान में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने आधिकारिक लेटरहेड पर 'शांति संदेश' जारी कर रही हैं, लेकिन वास्तव में वह नफरत और घृणा फैला रही हैं। यह पूरी तरह ढोंग और पाखंड है। अधिकारी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी लोगों को भाजपा और संघ परिवार के खिलाफ भड़काने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यह झूठा नैरेटिव गढ़ रही हैं कि हिंदुओं के खिलाफ जातीय सफाया संघ परिवार की वजह से हुआ है। यह न सिर्फ हास्यास्पद है, बल्कि पूरी तरह विरोधाभासी भी, क्योंकि हर बच्चा जानता है कि संघ परिवार हिंदू समाज का सबसे बड़ा रक्षक है। शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी पर यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने मुर्शिदाबाद में हाल में भड़की सांप्रदायिक हिंसा पर चुप्पी साध रखी है। यह इलाका वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हिंसा और तनाव की चपेट में आ गया था। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की चुप्पी यह दर्शाती है कि वह कट्टरपंथियों के पक्ष में खड़ी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह बेहद चिंता की बात है कि मुख्यमंत्री ने खुद अपने पत्र में स्वीकार किया है कि दंगे फैलाने के लिए राज्य से बाहर के लोग आए और फिर भाग निकले। यह देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा है। इस स्वीकारोक्ति के बाद केंद्र सरकार को इस पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से करानी चाहिए। अधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि राज्य पुलिस से जांच कराना केवल मुख्यमंत्री के नैरेटिव को वैध ठहराने की औपचारिकता होगी। उन्होंने गृह मंत्रालय से अपील की कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तुरंत एनआईए जांच के निर्देश दिए जाएं।

## छह दिन बाद गंगा से मिला डूबे छात्र का शव, एक अन्य की तलाश जारी

**हुगली :** कोननगर के बारह मंदिर घाट पर गंगा में डूबे दो स्कूली छात्रों में से एक, आदर्श सिंह (15) का शव रविवार को रिसड़ा के बागखाल इलाके से बरामद किया गया। शव को श्रीरामपुर वाल्श अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

इस दुखद मौके पर रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा शोकसंतप्त परिवार के साथ मौजूद रहे और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मिश्रा ने कहा कि नगरपालिका इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है।

यह घटना पिछले सोमवार की है, जब उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के कोननगर बारह मंदिर घाट पर दो दोस्त-अमन सिंह (15) और आदर्श सिंह (15)-गंगा में नहाते समय डूब गए थे। घटना के बाद से ही प्रशासन ने स्पीड बोट और गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू कर दिया था।

लगातार छह दिन की खोज के बाद रविवार को आदर्श का शव बरामद किया गया, जबकि अमन की तलाश अब भी जारी है। प्रशासन ने बताया कि सर्च ऑपरेशन को और तेज कर दिया गया है और जल्द ही अमन का पता चलने की उम्मीद है।

स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और प्रशासन से घाटों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# हावड़ा स्टेशन पर फर्जी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़, जांच जारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल के वाणिज्य विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से हावड़ा स्टेशन पर फर्जी भर्ती रैकेट का पर्दाफाश हुआ। यह कार्रवाई शनिवार की रात हावड़ा न्यू कॉम्प्लेक्स प्लेटफॉर्म पर सीटीआई/प्रभारी देबदुलाल भट्टाचार्य और उनकी टीम द्वारा की गई। श्री भट्टाचार्य को प्लेटफॉर्म पर एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जो टिकट जांचकर्मी की वर्दी में था। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम रौनित राज साव बताया और कबूल किया कि वह रेलवे का वास्तविक कर्मचारी नहीं है। उसके पास से कई फर्जी पहचान पत्र भी बरामद किए गए, जिनमें गलत विवरण थे।

खड़गपुर मंडल इस प्रकार की धोखाधड़ी को रोकने के लिए वाणिज्य और सुरक्षा विभाग के समन्वय से नियमित निगरानी अभियान चला रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार ने कहा, हमारी टीमें जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं ताकि इस प्रकार की धोखाधड़ी को समय रहते रोका जा सके। हावड़ा सीटीआई की यह कार्रवाई एक मिसाल है जो अन्य कर्मचारियों को भी सजग रहने के लिए प्रेरित करेगी।

मंडल रेल प्रबंधक के.आर. चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए इस प्रकार की धोखाधड़ी के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे ऐसी गतिविधियों के प्रति शून्य सहनशी-लता की नीति पर कायम है।

## एटीएम मशीन में सेलो टेप लगाकर रुपए निकालने की कोशिश, गिरफ्तार



**बालुरघाट :** एटीएम मशीन पर सेलो टेप लगाकर रुपये निकालने की प्रयास विफल हो गया। एटीएम कर्मचारियों ने गुम रूप से जाल बिछाकर जालसाज को रंगे हाथों पकड़ लिया। बालुरघाट शहर के शिबाताली इलाके में रविवार की दोपहर यह घटना घटी। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जाहिद खान (35) है। उधर, मामले की जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय निवासियों और एटीएम कर्मचारियों ने बाद में युवक को पकड़ लिया और उसे बालुरघाट पुलिस थाने के हवाले कर दिया। बालुरघाट पुलिस स्टेशन ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है। पता चला है क बालुरघाट के शिबाताली इलाके में एक सरकारी बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ का प्रयास काफी दिनों से चल रहा था। रविवार को भी धोखेबाज लोग सेलोफेन टेप लगाकर एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे थे। इस वजह से कई ग्राहक एटीएम से पैसे नहीं निकाल पाए। इस बीच, धोखाधड़ी के प्रयास के बारे में पता चलने के बाद से ही कर्मचारी एटीएम पर नजर रख रहे थे। जैसे ही मोबाइल टेप लगाने का मामला उनके ध्यान में आया तो स्थानीय लोगों ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। एटीएम स्टाफ ने बताया कि युवक काफी समय से एटीएम ठगी का प्रयास कर रहा था।

# सोलर एनर्जी क्षेत्र में अग्रणी बनता साम्विक पावर 'प्रोवाइडर्स-2025'

❑ 'प्रोवाइडर्स-2025' में पेश की भविष्य की ऊर्जा दृष्टि



सम्प्रति कामदार

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत की हरित ऊर्जा क्रांति में एक मजबूत भागीदार के रूप में उभरते हुए, साम्विक पावर प्राइवेट लिमिटेड ने सोलर एनर्जी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। 'प्रोवाइडर्स-2025' में कंपनी ने अपनी भविष्य की योजनाओं और उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि कैसे वह गुणवत्तापूर्ण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) सेवाओं के माध्यम से देशभर में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को गति दे रही है। साम्विक पावर के संस्थापक निदेशक संप्रति कामदार के अनुसार, हम गुणवत्ता और व्यवहार्यता के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ परियोजनाएं संचालित कर रहे हैं। कंपनी महाराष्ट्र में महा जेनको के साथ 130 मेगावाट की सोलर परियोजना पर कार्य कर रही है और भविष्य में इससे भी बड़े प्रोजेक्ट्स की योजना है। तीन वर्ष पूर्व स्थापित यह युवा कंपनी अब देशभर में स्वतंत्र ऊर्जा उत्पादकों के साथ मिलकर काम कर रही है। कंपनी भूमि अधिग्रहण से लेकर ग्राहक परामर्श, उत्पाद डिजाइन, निर्माण और ग्रिड एकीकरण तक सम्पूर्ण सेवाएं देती है। इसके अतिरिक्त, साम्विक पावर फैक्ट्रियों, वेयरहाउस और उद्योगों के लिए निजी वित्तपोषण भी उपलब्ध करवा रही है। अब यह ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में भी कदम रख रही है। मध्य प्रदेश और तेलंगाना में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत परियोजनाएं चल रही हैं। साम्विक पावर अब अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी विस्तार की योजना बना रही है, ताकि विश्व स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली, किफायती और टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान किए जा सकें।

## अवैध शराब के ठिकानों पर चला प्रसाशन का डंडा



**हुगली :** आबकारी विभाग ने तबातोड़ आभियान चलाया। गुरुवार को आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मियो ने पांडुआ थाना क्षेत्र के बैंचीग्राम इलाके में अवैध शराब के ठिकानों पर आभियान चलाया। इस अभियान में 1550 लीटर फार्मेंटेड वाश शराब बनाने के मेटेरियल को नष्ट किया। बड़े पैमाने पर शराब बनाए जाने के उपकरण को भी नष्ट किया है। 130 लीटर अवैध शराब जब्त किया।हालांकि अवैध शराब से लिप्त कारोबारी मौका देखकर फरार हो गए। आबकारी विभाग ने मगरा थाना क्षेत्र के नमाजगढ़ इलाके में 720 लीटर फार्मेंटेड वश नष्ट किया।

## हुगली में कुख्यात बाइक चोर गिरफ्तार, रिमांड में उगले राज, बरामद हुई 6 बाइकें



**हुगली :** हुगली जिले के बालागढ़ थाना पुलिस ने एक बड़े ऑपरेशन में कुख्यात बाइक चोर बसुदेव मंडल उर्फ बालुसा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने राज्यभर में सौ से अधिक बाइक चुराने की बात कबूली। उसके बयान पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अब तक छह बाइकें बरामद की हैं। हुगली, नदिया, पूर्व बर्दवान और पूर्व मेदिनीपुर सहित कई जिलों में उस पर 30 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह अब तक तीन बार पुलिस हिरासत से फरार हो चुका है। पुलिस ने बताया कि वह नशे का आदी है और कई बार करोड़ों की लॉटरी जीत चुका है। मंदरमणि में उसकी अपनी जमीन भी है। रविवार को बालागढ़ थाना पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। इस मौके पर डीएसपी क्राइम अभिजीत सिन्हा महापात्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उपस्थित थे थाना प्रभारी सोमदेव पात्र, एसआई रोहन मल्लिक और एएसआई विश्वनाथ डे।

# वक्फ बिल के विरोध में अनोखा प्रदर्शन, गुलाब बांटकर जताई असहमति

❑ बीजेपी ने लगाया 'हिंदुओं पर अत्याचार' का आरोप



**हुगली :** वक्फ कानून के विरोध में जहां देशभर में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन और हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं, वहीं पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिसड़ा ग्राम पंचायत अंचल में इस मुद्दे पर एक शांतिपूर्ण और अनोखा विरोध देखने को मिला। यहां तृणमूल कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा श्रीरामपुर उत्तरपाड़ा ब्लॉक क्षेत्र में लोगों को गुलाब के फूल देकर वक्फ बिल का विरोध दर्ज किया गया। आयोजन को सौहार्द और शांति का प्रतीक बताया गया। आयोजकों का कहना था कि वक्फ कानून को लेकर लोगों में भ्रम और भय का माहौल है, और इस शांतिपूर्ण तरीके से वे अपनी असहमति व्यक्त कर रहे हैं।

हालांकि, इस शांतिपूर्ण विरोध को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रणय राय ने इस प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान जब हिंदुओं पर हमले हो रहे थे, तब ये तृणमूल नेता कहां थे? अब ये लोग गुलाब बांटकर आंदोलन के नाम पर हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं। देश में सभी को अपने धर्म का पालन करने की आजादी है, किसी पर जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। बीजेपी ने तृणमूल कांग्रेस पर धार्मिक तुष्टिकरण और आम जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वक्फ बिल का मुद्दा साजिश के तहत उठाया गया है।

## गोघाट के गढ़ मंदारन पर्यटन केंद्र में वृद्ध का लटकता शव बरामद

**हुगली, समाज्ञा**



जिले के गोघाट स्थित गढ़ मंदारन पर्यटन केंद्र के अंदर एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह बुजुर्ग व्यक्ति को पर्यटन केंद्र के अंदर एक पेड़ से गले में रस्सी लटकी हुई देखी गई। स्थानीय लोगों ने मामले को देखा और इसकी सूचना गोघाट पुलिस थाने को दी। पुलिस आई और शव को कब्जे में लिया। पता चला है कि मृतक का नाम तिलक रॉय (57) है। वह स्थानीय रंगामाटी क्षेत्र का निवासी था। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने आत्महत्या की है या घटना के पीछे कोई और रहस्य है। परिवार के सदस्यों का दावा है कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि, घर में कोई अशांति नहीं थी। उन्हें इस आत्महत्या का कारण समझ में नहीं आ रहा है। हालांकि, इस संरक्षित पर्यटन केंद्र के अंदर शव बरामद होने के मामले में सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# माखला में भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** माखला दलुई पड़ा काराही फैक्टरी के समीप विशेश्वर देवालय मंदिर का निर्माण किया गया जिसमें मां दुर्गा, हनुमान जी एवं शिव परिवार की प्रतिमाओं का देव प्रतिष्ठा किया गया। बनारस से आए प्रतिष्ठित आचार्यों बिनय तिवारी, परमानंद पांडेय, अरविंद तिवारी, ऋषिकेश पांडे साधु शरण एवं अन्य पंडितों द्वारा इस अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। उत्तरपाड़ा-कोन्नगर नगरपालिका के चेयरमैन दिलीप यादव के द्वारा इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। इस दौरान, पार्षद मानसी सिंह राय एवं साथ में कामाख्या नारायण सिंह, इंद्रजीत घोष (पावा दा) (चेयरमैन इन काउंसिल) मौजूद थे। आयोजक मंडली में मंदिर के कर्ताधर्ता उदय भान सिंह, शिव प्रकाश सिंह, नवीन पाठक, रमेश पांडेय, कमलेश सिंह, नवल सिंह, नागेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, अमन सिंह, रोहित गुप्ता, दीपक सिंह, रवि दे, राजू दास, शंकर, अमन, राजू दास (डॉन), नवीन सिंह, डब्ल्यू राय, नंदलाल यादव, हेमंद मना, खोखन नाथ, मोहन दास, अजीत दास, कार्तिक दे, अभिजित सिंह, राजू झा, अभिषेक सिंह, पुष्पा सिंह, आशा सिंह सोनी सिंह, जूही सिंह, शीतल सिंह, सरंजित पाठक, अमन मंडल, नीरज मंडल, किरण पांडेय, सृष्टि सिंह, रासबिहारी गिरी, झुना राय, आदित्य त्रिपाठी शामिल थे।

## दुर्घटना की शिकार हुई मंत्री बीरबाहा हांसदा की गाड़ी, घायल टोटो यात्रियों को खुद पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीपुर :** पश्चिम बंगाल की मंत्री बीरबाहा हांसदा की गाड़ी रविवार रात एक सड़क दुर्घटना में शामिल हो गई। घटना मेदिनीपुर शहर के गिरिजा मोड़ इलाके के पास घटी, जब एक टोटो अचानक नियंत्रण खो बैठा और मंत्री की गाड़ी के सामने आकर पलट गया।

हालांकि मंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन टोटो में सवार एक महिला, उसका नौ माह का बच्चा और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। इस दुर्घटना के बाद मंत्री ने तत्काल मानवीयता का परिचय देते हुए गाड़ी रोकी और खुद ही तीनों घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंत्री बीरबाहा हांसदा अपने वाहन से केरानीचट्टी होते हुए झाड़ग्राम की ओर जा रही थीं। तभी गिरिजा मोड़ के पास एक टोटो अचानक सामने आ गया और टकराकर पलट गया। हल्का वाहन होने के कारण टोटो को ज्यादा क्षति हुई और उसमें बैठे लोग घायल हो गए।

घटना के बारे में मंत्री ने बताया, टोटो मेरी गाड़ी के सामने आकर पलट गया। उसमें एक महिला, उसका नौ महीने का बच्चा और संभवतः महिला का भाई था। उन्हें हाथ-पैर में चोटें आई हैं और सबसे ज्यादा चिंता बच्चे को लेकर थी। इसलिए मैंने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पर मंत्री की इस संवेदनशीलता और तत्परता की जमकर सराहना हो रही है।

# बांकुड़ा में भयानक हादसा, ट्रक के धक्के से नष्ट हुआ घर व एक घायल

❑ घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जामकर किया प्रदर्शन



**बांकुड़ा :** जिले के पात्रशायर में रविवार को एक भयानक हादसा हुआ। सीमेंट से लदे ट्रक के धक्के से एक घर को धूल में मिला दिया। इस घटना में एक घायल हो गया। इधर, घटना से गुस्साई भीड़ ने सड़क जाम कर दिया और घटना का विरोध किया। क्षेत्र में व्यापक तनाव फैल गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में पात्रशायर थाना अंतर्गत बामिरा गांव में एक बड़ा ट्रक नियंत्रण खो बैठा और एक घर से टकरा गया। टिन की छत वाला यह मकान टक्कर से लगभग पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना में एक निवासी घायल हो गया। तेज आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर आये। घायल व्यक्ति को बचाकर अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। नाकाबंदी लगभग एक घंटे तक चली। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और स्थिति सामान्य की। बताया जा रहा है कि सीमेंट से लदा वाहन बिष्णुपुर से पात्रशायर की ओर जा रहा था। उस समय तेज गति से आ रही कार ने नियंत्रण खो दिया और सीधे घर में जा घुसी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर गयी। पात्रशायर थाना पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र के निवासी भयभीत हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### वाराणसी में महिला पर उसके लोको पायलट पति ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में तैनात एक वरिष्ठ सहायक लोको पायलट ने अपनी पत्नी और उसके भाई पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सिगरा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सिगरा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय मिश्रा ने बताया कि रेलवे में वरिष्ठ सहायक लोको पायलट और बिहार के गया के मूल निवासी सुमित कुमार ने शनिवार को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी पत्नी साक्षी उनकी हत्या करवाकर उनकी नौकरी हासिल करना चाहती हैं। मिश्रा ने बताया कि कुमार अपनी पत्नी के साथ चित्तूपुर में किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुमार ने तहरीर में दावा किया है कि उसने अपनी पत्नी और उसके भाई को उसकी हत्या की साजिश पर चर्चा करते हुए सुना था। कुमार ने यह भी आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी और उसके भाई ने उसके साथ मारपीट की।

### बलिया: नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**बलिया (उप्र):** बलिया की एक अदालत ने 17 वर्षीय लड़की को अगवा कर बलात्कार करने के जुर्म में युवक को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश प्रथमकांत की अदालत ने शनिवार को सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी साजिद को दोषी ठहराया और उसे 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और उसपर दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जिले के फेफना थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की को 27 अप्रैल 2023 को उसके गांव के साजिद उर्फ राजा बाबू नामक युवक ने अगवा कर लिया और उसके साथ बलात्कार किया। इस मामले में लड़की के पिता की तहरीर पर साजिद के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की अपहरण और दुष्कर्म की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

### बिहार के बेतिया में एक पुलिसकर्मी की उसके सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी

**बेतिया :** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में एक पुलिस कांस्टेबल की उसके सहकर्मी ने गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार मृतक की पहचान कैमूर जिले के निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है और आरोपी की पहचान भोजपुर जिले के सर्वजीत कुमार के रूप में हुई है। दोनों पश्चिमी चंपारण के जिला मुख्यालय बेतिया में पुलिस लाइन में तैनात थे। पुलिस उपमहानिरीक्षक (चंपारण रेंज) हर किशोर राय ने पत्रकारों से कहा, ''यह घटना शनिवार रात पुलिस लाइन में हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि किसी मामूली मुद्दे पर उनके बीच तीखी बहस होने के बाद यह घटना हुई। सोनू कुमार को सर्वजीत ने अपनी सरकारी रिवोल्वर से गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जांच चल रही है।' अधिकारियों का कहना है कि सोनू कुमार की हत्या करने के बाद आरोपी अपनी सरकारी बंदूक लेकर इमारत की छत पर चढ़ गया। हालांकि, उसे तुरंत दूसरे सिपाहियों ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार सोनू और सर्वजीत एक साथ काम करते थे और हाल ही में दोनों का सिकटा थाने से पुलिस लाइन में तबादला हुआ था।

### पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए 500 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है : पंजाब के मंत्री

**चंडीगढ़ :** पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार ने पराली जलाने की रोकथाम के लिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 करोड़ रुपये की एक योजना बनाई है। विभाग ने फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनों की खरीद के लिए सब्सिडी का लाभ उठाने के वास्ते किसानों से ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। खुड्डियां ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार सीआरएम उपकरण खरीदने के लिए किसानों को 50 प्रतिशत तथा सहकारी समितियों और ग्राम पंचायतों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सीआरएम उपकरणों को अधिक सुलभ बनाना, इसके उपयोग को बढ़ावा देना और अंततः स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देना है।

# योगी ने किया हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया

### जनता दर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लोगों से हर समस्या को सुलझाने का वादा किया

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी समस्याएं लेकर रविवार को उनसे मिलने आए लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनकी हर समस्या का समाधान करेंगे। आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के लगातार दूसरे दिन करीब 300 लोगों से बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आदित्यनाथ ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समाधान त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने वाले लोगों से कहा कि ''किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के इलाज में पैसे की कमी बाधा नहीं बनेगी।'



**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह हावर्ट बांध पर बन रहे फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और भरोसा दिया कि इस कार्य से बाढ़ बचाव के साथ यातायात की समस्या भी हल होगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, निरीक्षण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोरलेन सड़क से बाढ़ बचाव के साथ ही यातायात की बड़ी समस्या का समाधान होगा। स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरखपुर चारों ओर से जल से घिरा हुआ क्षेत्र है और इसके पूरब में रामगढ़ताल, उत्तर की तरफ चिलुआताल, पश्चिम की तरफ राप्ती नदी और पश्चिमोत्तर में रोहिन नदी है। उन्होंने कहा, रोहिन नदी से बचाव के लिए माधोपुर तटबंध बना हुआ है। राप्ती और रोहिन नदी का संगम डोमिनगढ़ में होता है और इसके बाद राप्ती नदी गोरखपुर के पश्चिम की ओर से बहती है। राप्ती नदी की बाढ़ से बचाव के लिए हावर्ट बांध बना हुआ है।

### आदित्यनाथ का अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जाने, राहत कार्य पर नजर रखने के निर्देश

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश,प्रभावित जिले के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी प्रभावित इलाकों में जाएं तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। राज्य में पिछले कई दिनों में आंधी और बारिश हुई है। बयान के अनुसार योगी ने कहा कि बिजली गिरने, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि दी जाए साथ ही घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अधिकारी फसल नुकसान का आकलन करते हुए रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में कार्रवाई की जा सके।

### इस्तीफा दें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, या लगे राष्ट्रपति शासन : उप्र के मंत्री नितिन अग्रवाल

**हरदोई (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा कि इस घटना के लिये राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिये, या फिर वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाना चाहिए। अग्रवाल ने यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में लोगों को मारा जा रहा है, लूटा जा रहा है और लोग मजबूरन पलायन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इसके बावजूद वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक भी शब्द नहीं कहा और वह 'तुष्टिकरण' की हद पार कर चुकी हैं। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की सरकार मुर्शिदाबाद दंगों के मामले में कार्यवाही करने के बजाय दोषारोपण कर रही है और वहां वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की खातिर लोगों को मरने के लिये छोड़ दिया जा रहा है। मंत्री ने मांग करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या तो इस्तीफा दे दें अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। अग्रवाल ने किसी का नाम लिये बगैर कहा, 'हम सब कानून के दायरे में रहकर काम करते हैं। सरकार भी कानून के दायरे में रहकर काम करती है लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो बिना डंडे के नहीं मानते हैं।

## संभल में लगे इजराइली उत्पादों के बहिष्कार की अपील वाले पोस्टर, सात लोग गिरफ्तार

**संभल (उप्र) :** संभल जिले में बनियाठेर थाना इलाके के नरौली कस्बे में स्थानीय दुकानों के आसपास दीवारों पर इजराइली उत्पादों के बहिष्कार की अपील वाले पोस्टर लगाने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बनियाठेर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नरौली कस्बे में दुकानों के आसपास दीवारों पर ''फ्री गाजा, फ्री फलस्तीन'' लिखे पोस्टर लगाकर इजराइली उत्पादों के बहिष्कार की अपील करने का मामला सामने आया है। पोस्टर में लिखा है, ''वह हर सामान जिसका लेना-देना इजराइल से है उसका भी 'बॉयकॉट' हर मुसलमान का फर्ज हो गया है। फलस्तीन का शहर गाजा पूरी तरह से खत्म हो चुका है। अगर हमें अपने फलस्तीनी भाइयों और बहनों की लाशें देखकर रोना नहीं आ रहा तो याद रखो हम मर चुके हैं।'' इसमें लिखा है, ''आपसे गुजारिश है कि इजराइली सामान को न खरीदें और अगर आप खाने-पीने तथा इस्तेमाल होने वाले इजराइली सामान को खरीदते हैं तो आपके लिए हराम है।'' पोस्टर में सबसे नीचे लिखा, ''मुस्लिम लोगों और मुस्लिम दुकानदारों से गुजारिश है कि इन सामानों को न खरीदें और न ही बेचें।'' सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आसिम, सैफ अली, रहीश, मतलूब, फरदीन, अरमान और अरबाज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टर लगाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए बजरंग दल के संयोजक नितिन शर्मा ने आरोप लगाया कि पोस्टर में एक खास समुदाय के लोगों से केवल उसी धर्म के लोगों की दुकानों से खरीदारी करने का आग्रह किया गया है जो परेशान करने वाला है और इसका उद्देश्य सांप्रदायिक नफरत फैलाना है।

## 2027 के उप्र चुनावों में भी 'इंडिया' गठबंधन जारी रहेगा: अखिलेश यादव



**प्रयागराज :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह वक्फ (संशोधन) कानून के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) राज्य से भाजपा को उखाड़ फेंकेगा। जब उनसे 'इंडिया' गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया, 'इंडिया' गठबंधन (मौजूदा) है और रहेगा। उन्होंने कहा, भाजपा वक्फ संशोधन कानून लेकर आई है ताकि वह जमीन छीन सके। जहां भी उन्हें जमीन दिखती है, वे उस पर कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने भाजपा को भू-माफिया पार्टी करार दिया। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी पर नोटबंदी और जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के जरिए लोगों का पैसा छीनने और आरक्षण के अधिकार को कम करने का आरोप लगाया। यादव ने प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन के संबंध में भाजपा की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की तथा वादा किया कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो कुप्रबंधन की जांच कराई जाएगी। सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने घटना के दौरान हताहतों की संख्या और वित्तीय लाभ के बारे में गलत आंकड़े दिए, और आरोप लगाया कि जनवरी में भगदड़ के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी विफल रही। यादव ने दावा किया, जिस समय (भगदड़ के समय) ड्रोन और सीसीटीवी की सबसे अधिक जरूरत थी, उस समय ये या तो बंद थे या बंद करा दिए गए थे। इन्होंने संगम नोज पर भगदड़ में मारे गए लोगों की सही संख्या नहीं बताई और मृत्यु के कारण बदलने के लिए परिजनों पर दबाव बनाया। राणा सांगा पर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा, जो इतिहास एक दूसरे को ऊंच- नीचा दिखाए, जो इतिहास हमारी प्रगति को रोकता हो, उस इतिहास को इतिहास ही रहने देना चाहिए।

## वक्फ अधिनियम में बदलाव की लंबे समय से जरूरत थी: बिहार के राज्यपाल



**पटना :** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को कहा कि वक्फ अधिनियम में बदलाव की लंबे समय से जरूरत थी, क्योंकि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का निजी लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। यहां 'ऑल इंडिया यूनाइटेड मुस्लिम फ्रंट' की एक सभा को संबोधित करते हुए खान ने कहा, ''पहले वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का इस्तेमाल गरीबों के लाभ के लिए किया जाता था। लेकिन अब इन संपत्तियों का धर्मार्थ उद्देश्यों के इस्तेमाल करने के बजाय निजी लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटना में कई वक्फ बोर्ड हैं, लेकिन उनमें से एक भी ऐसा नहीं है जो बेसहारा लोगों की मदद के लिए अनाथालय या अस्पताल संचालित कर रहा हो। राज्यपाल ने कहा, पटना में वक्फ के कई भूखंडों में अब मॉल और आवासीय परिसर जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठान हैं...इसलिए, वक्फ (संशोधन) अधिनियम में बदलाव काफी समय से लंबित थे। इससे पहले, खान ने कहा था कि वक्फ बोर्ड के कामकाज में काफी सुधार की जरूरत है और संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक इस दिशा में एक ठोस कदम है।

### जमशेदपुर में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के बालीगुमा इलाके में रविवार शाम को अज्ञात हमलावरों ने 46 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान विनय कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह 'क्षत्रिय करणी सेना' का प्रदेश अध्यक्ष था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारी ने बताया कि सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ घर लौट रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर एक होटल के पास अज्ञात लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है और जांच की जा रही है।

## सपा नीयत एवं नीति में खोट के कारण दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी कभी नहीं हो सकती: मायावती

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अपने विरोधी दलों, खासतौर से समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरह सपा भी अपनी नीयत एवं नीति में खोट के कारण दलितों-बहुजनों की कभी सच्ची हितैषी नहीं हो सकती। सपा के दलित सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर हुए विवाद के बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा उनका लगातार समर्थन किए जाने के बीच मायावती ने यह टिप्पणी की। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार 'पोस्ट' साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा की तरह समाजवादी पार्टी भी बहुजनों, विशेषकर दलितों को उनके संवैधानिक अधिकार देकर उनके उत्थान के लिए काम करने तथा उनकी गरीबी, जाति-आधारित शोषण और अन्याय-अत्याचार को समाप्त करने की कोई इच्छाशक्ति नहीं रखती। मायावती ने 1995 की लखनऊ अतिथि गृह घटना को याद करते हुए कहा, 'समाजवादी पार्टी द्वारा बसपा के साथ विश्वासघात,



दो जून (1995) को उसके नेतृत्व पर जानलेवा हमला, संसद में पदोन्नति में आरक्षण के विधेयक को फाड़ना, उसके संतों, गुरुओं एवं महापुरुषों के सम्मान में बनाए गए नए जिलों, उद्यानों, शैक्षणिक एवं मेडिकल कॉलेजों का नाम बदलना ऐसे घोर जातिवादी कृत्य हैं जिन्हें माफ करना असंभव है।' उन्होंने कहा कि बसपा अपने अनवरत प्रयासों से यहां जातिवादी व्यवस्था को खत्म करके समतामूलक समाज यानी सर्वसमाज में भाईचारा बनाने के अपने अभियान में काफी हद तक सफल रही है। उन्होंने कहा, 'सपा अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए इसे बिगाड़ने की हर कोशिश कर रही है। लोग सावधान रहें।'

## वायुसेना की सूर्य किरण टीम के पायलटों ने रांची के आसमान को राष्ट्रध्वज के रंगों से भरा



**रांची :** भारतीय वायुसेना की 'सूर्य किरण एरोबैटिक टीम' (एसकेएटी) ने रांची के 'नामकुम आर्मी ग्राउंड' के ऊपर आसमान को केसरिया, सफेद और हरे रंगों से भरकर रविवार को एयर शो के अंतिम दिन लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, वरिष्ठ रक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सेठ ने कहा, ''लोगों ने जब आसमान में बने तिरंगे को सलामी दी तो वह बेहतरीन क्षण था। मैं सूर्य किरण के बहादुर पायलटों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सलाम करता हूं।'' उन्होंने कहा कि यह 'एयर शो' एक मील का पत्थर है। सेठ ने कहा, ''उम्मीद है कि हमें सितंबर में ऐसा ही एक और अद्भुत शो देखने का मौका मिलेगा।'' यह दो दिवसीय 'एयर शो' शनिवार को रांची में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में ऊंची उड़ान भरने का जुनून पैदा करना है। बड़ी संख्या में स्कूली छात्र, पर्यटक एवं अन्य लोग 'एयर शो' का आनंद लेने के लिए रविवार को सुबह से ही यहां 'नामकुम आर्मी ग्राउंड' में एकत्र हो गए। अधिकारियों ने बताया कि 'एयर शो' के पहले चरण में सभी नौ विमानों ने करीबी संरचना में उड़ान भरी, जबकि दूसरे चरण में इन विमानों ने जमीन से मात्र 100 फुट की ऊंचाई पर करतब दिखाए। शनिवार को 'एयर शो' में केवल छह विमानों ने भाग लिया था क्योंकि शुक्रवार दोपहर रांची में बारिश और ओलावृष्टि के कारण तीन विमान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 1996 में गठित एसकेएटी ने भारत और श्रीलंका, म्यांमा, चीन, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित दुनिया भर में 500 से अधिक ऐसे शो किए हैं।

## न्यूज अपडेट

### लैंगिक भेदभाव और बाल विवाह जैसी कुरीतियां खत्म हों : मंत्री



**मऊ :** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने रविवार को बिहार सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। कुमार ने श्री शिवलोचन शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान में आयोजित चंद्रगुप्त मौर्य जयंती समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय और लोक कल्याण के संदर्भ में मौर्य युग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''(बिहार में) नीतीश कुमार सरकार महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है।'' कुमार ने घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा में असमानता, दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमें इन चुनौतियों को खत्म करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना एक मजबूत और समावेशी समाज के निर्माण का एकमात्र तरीका है।'

### झारखंड के गम्हरिया प्रखंड को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार मिलेगा



**सरायकेला :** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी में लोक प्रशासन उत्कृष्टता के लिए 2024 के 'प्रधानमंत्री पुरस्कार' के लिए चुना गया है। एक आधिकारिक बयान मे कहा गया है। बयान के मुताबिक यह सम्मान सिविल सेवा दिवस पर 21 अप्रैल को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदान किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग ने बयान में कहा कि सिविल सेवा दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पीएम पुरस्कार, 2024 की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम श्रेणी के तहत पांच शीर्ष प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को पुरस्कृत किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला गम्हरिया प्रखंड के लिए पुरस्कार ग्रहण करेंगे। गम्हरिया ने देश भर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम नीति आयोग की एक पहल है, जिसे सात जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बेहतर प्रशासन, सेवा वितरण और पांच फोकस क्षेत्रों अर्थात् स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध सेवाएं, बुनियादी ढांचा और सामाजिक विकास में प्रमुख संकेतकों की निगरानी के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर देश के 500 कम विकसित प्रखंडों में जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है।

### गाजियाबाद पुलिस ने पीड़ितों के घर प्राथमिकी की प्रतियां पहुंचाई

**गाजियाबाद (उप्र) :** गाजियाबाद पुलिस ने शिकायत प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के इरादे से 19 अप्रैल को दर्ज एक दर्जन से अधिक प्राथमिकी की प्रतियां शिकायतकर्ताओं के घरों तक पहुंचाईं। यह पहल नवनियुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी) जे रवींद्र गौड़ के निर्देश पर शुरू की गयी है। गौड़ 2005 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं और उन्होंने 18 अप्रैल को ही कार्यभार संभाला। गौड़ ने 30 नवंबर, 2022 को कमिश्नरेट के गठन के बाद गाजियाबाद के पहले पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा का स्थान लिया। मिश्रा को अब प्रयागराज में पुलिस आयुक्त के रूप में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक आधिकारिक संचार के माध्यम से, आयुक्त गौड़ ने सभी पुलिस कर्मियों को शिकायतकर्ताओं के साथ सम्मान से पेश आने, उनकी शिकायतों को ध्यान से सुनने, तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने और व्यक्तिगत रूप से उनके घरों पर उनकी प्राथमिकी की प्रति प्रदान करने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस अधिकारियों के साथ अपनी पहली अपराध बैठक में पुलिस आयुक्त ने चेतावनी दी कि जुआ, तस्करी, अवैध रेत खनन, भूमि हड़पने और अपने अधिकार क्षेत्र में अन्य आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में किसी भी तरह की विफलता के लिए थाना प्रभारी (एसएचओ) को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

### काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर केंद्र सरकार के नियमों के तहत हो निर्णय:एबीवीपी

**वाराणसी (उप्र) :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इकाई ने संस्थान के हिन्दी विभाग में शोध प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा है कि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण के मामले में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही फैसला लिया जाना चाहिए। एबीवीपी द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, वर्तमान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में शोध प्रवेश को लेकर दो अभ्यर्थियों द्वारा ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की वैधता एवं प्रवेश प्रक्रिया की पारदर्शिता पर आपत्ति दर्ज कराई गई है। यह मामला इस समय विश्वविद्यालय की समिति के समक्ष विचाराधीन है। बयान में आरोप लगाया गया है कि इस प्रकरण में कुछ राजनीतिक दलों और असामाजिक तत्वों द्वारा जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें दावा किया गया है कि एबीवीपी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इकाई मंत्री भास्करादित्य त्रिपाठी को जानबूझकर निशाना बनाते हुए सोशल मीडिया पर उनके विरुद्ध दुष्प्रचार किया जा रहा है जबकि यह मामला विभागीय लापरवाही और प्रशासनिक चूक का परिणाम है। बयान में कहा गया है, ''एबीवीपी का स्पष्ट मत है कि विश्वविद्यालय परिसर शिक्षा का केंद्र है, न कि राजनीतिक दलों और विभाजनकारी संगठनों की गतिविधियों को बढ़ावा देने का स्थान। हिन्दी विभाग में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही की जानी चाहिए।'

## अनुराग कश्यप के खिलाफ जयपुर में मामला दर्ज



**जयपुर :** फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ एक जाति विशेष के बारे में अपशब्द कहने के आरोप में यहां बजाज नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बजाज नगर थाने के पुलिस उपनिरीक्षक राम कृपाल ने बताया कि बरकत नगर के रहने वाले अनिल चतुर्वेदी ने शनिवार रात फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, कश्यप ने ब्राह्मणों को लेकर विवादित पोस्ट सोशल मीडिया पर की है। उल्लेखनीय है कि फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की इसी महीने रिलीज होने वाली फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यह फिल्म समाज सुधारक दंपत्ति ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। फिल्म रिलीज होने से पहले इस पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा है। कश्यप ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर विवादित बयान पोस्ट किया था, जिसके बाद लोगों ने उन्हें 'ट्रोल' किया था। जब अनुराग को ट्रोल किया गया तो उन्होंने ब्राह्मण समुदाय पर दिए गए अपने आपत्तिजनक बयान के लिए माफी मांगी। उन्होंने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किया था, मैं माफी मांगता हूं, लेकिन मैं अपनी पोस्ट के लिए नहीं बल्कि उस एक लाइन के लिए माफी मांग रहा हूं, जिसे गलत तरीके से लिया गया और नफरत फैलाई गई। कश्यप ने कहा, कोई भी कार्रवाई या भाषण आपकी बेटी, परिवार, दोस्तों और परिचितों से ज़्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। उन्हें बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं, जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। और यह सब खुद को संस्कारी कहने वाले लोग कर रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ‘नेशनल हेराल्ड’ : कांग्रेस नेता ‘भाजपा के झूठ को उजागर करने’ के लिए 57 शहरों में प्रेसवार्ता करेंगे

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को कहा कि पार्टी के शीर्ष नेता 21 से 24 अप्रैल के बीच देशभर में संवाददाता सम्मेलन करेंगे और ‘नेशनल हेराल्ड’ मामले में ‘‘भाजपा के झूठ को उजागर करेंगे।’’ खेड़ा ने नेशनल हेराल्ड प्रकाशन को ‘‘स्वतंत्रता संग्राम का जीवंत प्रतीक’’ बताया। विपक्षी दल कांग्रेस ने ‘नेशनल हेराल्ड’ कथित धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल आरोपपत्र में पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम लिए जाने के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पिछले दिनों पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया। शनिवार को दिल्ली में पार्टी महासचिवों और विभिन्न राज्यों के प्रभारियों ने ‘‘राजनीति से प्रेरित’’ आरोपों का मुकाबला करने की रणनीति तैयार करने के लिए बैठक की।

### बेंगलुरु हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो एयरलाइंस के विमान से टकरायी मिनी बस

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस के एक खड़े हुए विमान से मिनी बस टकरा गई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारी ने बताया कि यह बस विमान के ‘अंडरकैरेज’ (निचले ढांचे) से टकरा गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक बयान में कहा गया, 18 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग 12:15 बजे, रखरखाव के काम से जुड़ी एक एजेंसी (थर्ड पार्टी) द्वारा संचालित वाहन केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एक विमान के अंडरकैरेज से टकरा गया। बयान में कहा गया है कि संबंधित पक्षों के साथ समन्वय कर सभी आवश्यक प्रोटोकॉल तत्काल लागू किए गए हैं। यात्रियों और हवाई अड्डा कर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इंडिगो एयरलाइंस ने कहा, हम बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पार्क किए गए इंडिगो विमान और एक ‘थर्ड पार्टी’ के वाहन के बीच हुई घटना से अवगत हैं। मामले की जांच जारी है और जरूरत के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सड़क हादसे में छह सैनिक हुए घायल

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने के कारण छह सैन्यकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर उधमपुर में चोपड़ा बाजार के समीप यह दुर्घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गयी। बस एक नजदीकी सैन्य शिविर जा रही थी और उसमें सैन्यकर्मी सवार थे। उन्होंने बताया कि तत्काल बचाव अभियान शुरू किया और सभी छह घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

### हिमाचल की राजनीति में मेरी वापसी की कोई संभावना नहीं: नड्डा

**धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) :** भाजपा के नए अध्यक्ष के चुनाव की संभावनाओं के बीच पार्टी प्रमुख जे पी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में वापसी से रविवार को इनकार कर दिया। फरवरी 2020 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए और तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से विस्तार पा रहे नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं और राज्य में वापस आने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आने वाले दिनों में कई राज्य इकाइयों के प्रमुखों को चुनने की प्रक्रिया में जुटी है।

# नेशनल हेराल्ड मामले का लक्ष्य कांग्रेस को डराना-धमकाना है: खरगे

**बक्सर (बिहार) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी जैसे शीर्ष नेताओं को फंसाकर उनकी पार्टी को डराने-धमकाने का प्रयास कर रही है। वक्फ मुद्दे पर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि अधिनियम में हालिया संशोधन लोगों को बांटने की ‘भाजपा-आरएसएस की साजिश’ का हिस्सा है। खरगे ने यहां डलसागर स्टेडियम में पार्टी की ‘जय बापू, जय भीम और जय संविधान’ रैली को संबोधित करते हुए कहा, ‘‘केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार नेशनल हेराल्ड मामले में



सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे हमारे नेताओं को फंसाकर कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रही है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘हम किसी से नहीं डरते हैं और न ही किसी के सामने झुकेंगे। केंद्रीय जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने मामले में तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। हमारे नेता डरे हुए नहीं हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे हमारे नेताओं ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी।’’ खरगे ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने ब्रिटिश शासन के दौरान ‘नेशनल हेराल्ड’ और ‘कौमी आवाज’ अखबार शुरू किए थे। उन्होंने आरोप लगाया, ‘‘इन समाचार पत्रों को शुरू करने का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनता के बीच जागरूकता पैदा करना था ताकि ब्रिटिश शासन के खिलाफ लोगों की आवाज बुलंद की जा सके। दूसरी ओर, आरएसएस नेता अंग्रेजों के एजेंट थे और उनके लिए काम कर रहे थे। लेकिन अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वे पार्टी की रीढ़ हैं। सीबीआई, ईडी और आईटी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है।’’ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेताओं-सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा समाज के ‘कमजोर वर्गों के कल्याण के पक्ष में नहीं हैं।

## दिल्ली में मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ी, आबकारी कानून के तहत दर्ज मामलों में 80 फीसदी की वृद्धि

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में 2024 की तुलना में 2025 के शुरूआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी वृद्धि देखी गई, जबकि आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को साझा किये गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि के दौरान 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे। इसी प्रकार, स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले वर्ष के 957 से बढ़कर इस वर्ष 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक



वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में वृद्धि के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा 2025 के प्रथम तीन महीनों में 6,836 मामले दर्ज किए गए हैं जो 2024 में इसी अवधि के 4,143 मामलों और 2023 में दर्ज 4,080 मामलों से काफी अधिक है। अधिकारी ने कहा, ‘‘आबकारी और एनडीपीएस मामलों में वृद्धि पुलिस के सक्रिय प्रयासों और अवैध शराब एवं मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ अभियानों की सफलता को दर्शाती है। पुलिस इसके लिए शहर में निगरानी उपकरणों और मुखबिरों के नेटवर्क का भी इस्तेमाल कर रही है।’’ आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज अपराधों के कुल मामलों में मामूली गिरावट देखी गई है। दिल्ली में 2025 की पहली तिमाही में ऐसे 63,898 मामले दर्ज किए गए। यानी एक दिन में करीब 710 मामले, जबकि पिछले साल यह संख्या 64,256 और 2023 में 82,534 थी।

## बीमा दावों के निपटारा में परेशानी मुआवजे का आधार, लेकिन आपराधिक कृत्य नहीं: उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी अस्पताल में बीमा दावों की मंजूरी के दौरान ग्राहक को होने वाली परेशानी मुआवजे की मांग का आधार हो सकती है लेकिन यह आपराधिक कृत्य नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि मरीजों को अंतिम बिल के निपटारा में अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है और बिल के सुगम निपटारा तथा मरीजों को अस्पताल से छुट्टी देने के मुद्दे को प्राधिकारों द्वारा उठाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने सत्र अदालत के खिलाफ एक वकील की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। सत्र अदालत ने निजी अस्पताल को वकील की शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन को बरकरार रखने से इनकार कर दिया था। वकील की 2013 में एक निजी अस्पताल में सर्जरी हुई थी। उन्होंने अस्पताल पर धोखाधड़ी, धन के दुरुपयोग और गलत तरीके से रोककर रखने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी बीमा कंपनी की कैशलेस बीमा योजना के तहत मंजूरी होने के बावजूद, उनसे सर्जरी से पहले पूरी अनुमानित राशि जमा करवा ली गई और पॉलिसी के तहत पूरा भुगतान होने तक उन्हें छुट्टी नहीं दी गई। अदालत ने 17 अप्रैल को पारित फैसले में कहा कि प्रक्रियागत देरी हुई, लेकिन याचिकाकर्ता ने जो आरोप लगाया है, वैसा कोई अपराध नहीं बनता है और उसने सत्र अदालत के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

## कांग्रेस ने हमेशा आंबेडकर और संविधान का अपमान किया : जयराम ठाकुर



**बिलासपुर :** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा डॉ. बी आर आंबेडकर और उनके द्वारा बनाये गये संविधान का अपमान किया है। बिलासपुर के झंडुता विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित बाबासाहब भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि आंबेडकर की विरासत को कमजोर करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद से कांग्रेस ने बाबासाहब और संविधान दोनों का अपमान किया है। यहां तक कि उनकी मृत्यु के बाद भी उनके पार्थिव शरीर का दिल्ली में अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया। कांग्रेस ने बाबासाहब की मेधा को न तो उनके जीवनकाल में और न ही उसके बाद कभी स्वीकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उन्हें संसद से बाहर रखने की साजिश रची थी। ठाकुर ने दावा किया, ‘‘एक बार तो उनकी हार सुनिश्चित करने के लिए 75,000 वोट को अवैध घोषित कर दिया गया – यह देश में मतदान केंद्र को लूटने की पहली घटना थी, जिसे सरकार ने अंजाम दिया था।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के दौरे के मद्देनजर दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस के सोमवार सुबह दिल्ली आगमन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति, उनकी पत्नी उषा और उनके तीन बच्चे – इवान, विवेक और मीराबेल चार दिवसीय भारत यात्रा पर सोमवार को सुबह 10 बजे पालम हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ‘‘ हमने अमेरिकी उपराष्ट्रपति की उच्च स्तरीय यात्रा के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार पहले ही मॉक ड्रिल आयोजित कर ली है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यात्रा के दौरान सब कुछ सुचारू रूप से चले और कोई अप्रिय घटना न घटे।’’ उन्होंने कहा कि दिल्ली यातायात पुलिस यह भी सुनिश्चित करेगी कि यातायात सुचारू रहे और राजधानी में उनकी यात्रा बिना किसी परेशानी के हो। वेंस के भारत दौरे से जुड़े लोगों ने ’पीटीआई-भाषा’ को बताया कि दिल्ली पहुंचने के कुछ घंटों बाद वेंस और उनका परिवार स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर जाएंगे और वे पारंपरिक भारतीय दस्तकारी सामान बेचने वाले एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भी दौरा कर सकते हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, ‘‘ हमने स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में अग्रिम सुरक्षा व्यवस्था की है, जहां अमेरिकी उपराष्ट्रपति सोमवार शाम को जाएंगे। हमने परिसर की गहन जांच की है और दौरे के दिन भी हमारी टीमें परिसर में तैनात रहेंगी।’’ वेंस के सोमवार रात को दिल्ली से रवाना होने की उम्मीद है और उसके बाद वह जयपुर और आगरा जाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को लोक सेवकों को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को लोक सेवा दिवस के अवसर पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। कार्मिक मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी जिलों और केंद्र/राज्य सरकारों में चिह्नित प्राथमिकता कार्यक्रमों और नवाचार के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी समग्र विकास और नवाचारों पर ई-पुस्तकें भी जारी करेंगे, जिनमें प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों और नवाचारों के कार्यान्वयन की सफलता की कहानियां शामिल होंगी। इस दौरान पुरस्कार विजेता पहल पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई जाएगी।

## मणिपुर में 16 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में पिछले 48 घंटों में कई प्रतिबंधित संगठनों के कुल 16 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पाम्बेई) के दो कार्यकर्ताओं को शनिवार को इंफाल ईस्ट जिले के नोंगदम गांव के पास नापेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया, जो कथित तौर पर जबरन वसूली में संलिप्त थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 13 से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनबा) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। अधिकारी के मुताबिक, प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) के दो कार्यकर्ताओं को उसी दिन इंफाल वेस्ट जिले के सलाम ममांग लेईकाई केतुकी लम्पक से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि वे कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल थे।




अधिकारी के अनुसार, राज्य पुलिस ने शुक्रवार को इंफाल ईस्ट जिले के क्यामगेई हेइबोंग माखोंग इलाके से प्रतिबंधित प्रेपक (पीआरओ) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक कार्यकर्ता को इंफाल ईस्ट जिले से हिरासत में लिया गया। अधिकारी के मुताबिक, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को भी शुक्रवार को इंफाल ईस्ट जिले से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित प्रेपक के एक अन्य सक्रिय कार्यकर्ता को उसी दिन इंफाल ईस्ट जिले के संजेनबाम शांगशाबी गांव से गिरफ्तार किया गया। मणिपुर पुलिस ने रविवार दोपहर कहा कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के सात उग्रवादियों को थौबल जिले के हीरोक पार्ट-तीन में कमांडो टीम और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की इकाइयों की ओर से मध्यरात्रि में चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया।

## कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश अपने आवास में मृत पाए गए

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश रविवार को रहस्यमय परिस्थितियों में बेंगलुरु स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। शव पर चोटों के निशान हैं, जिससे संदेह है कि उनकी हत्या की गई होगी।

पुलिस ने बताया कि प्रकाश की पत्नी पल्लवी ने घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। शव एचएसआर लेआउट में स्थित उनके तीन मंजिला आवास के भूतल पर खून से लथपथ मिला। पुलिस ने घटना के संबंध में प्रकाश की पत्नी और बेटी से पूछताछ शुरू कर दी है। खबरों में कहा गया है कि सेवानिवृत्त डीजीपी ने पहले भी अपने कुछ करीबी सहयोगियों से अपनी जान को खतरा होने की बात कही थी। पुलिस को घटना में परिवार के किसी करीबी सदस्य के शामिल होने का संदेह है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है। 1981 बैच के 68 वर्षीय आईपीएस अधिकारी बिहार के चंपारण के मूल निवासी थे और उन्होंने भूविज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की थी। प्रकाश को 1 मार्च 2015 को कर्नाटक का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

## गुजरात: खुद को ट्रस्टी बताकर वक्फ ट्रस्ट की जमीन पर बनीं सपत्तियों से 17 साल तक किराया वसूला

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद में वक्फ बोर्ड के तहत पंजीकृत दो ट्रस्ट की जमीन पर बने ढांचों के लिए खुद को ट्रस्टी बताकर 17 वर्षों तक किराया वसूलने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। शहर के गायकवाड़ हवेली थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, जालसाजों ने कांचनी मस्जिद ट्रस्ट और शाह बाड़ा कसम ट्रस्ट की जमीन पर बने लगभग 100 घरों और दुकानों का किराया वसूला। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भरत राठौड़ ने कहा, यह पाया गया कि उन्होंने वक्फ बोर्ड के तहत पंजीकृत ट्रस्टों की संपत्तियों का निजी लाभ के लिए दुरुपयोग किया, जिसके बाद उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जाली दस्तावेजों के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई। वक्फ संपत्ति धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए समर्पित होती है। ऐसी संपत्तियों से होने वाली आय का इस्तेमाल आम तौर पर धार्मिक गतिविधियों, धर्मार्थ कार्यों या सार्वजनिक लाभ के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, आरोपियों ने दोनों ट्रस्टों के 5,000 वर्ग मीटर से ज़्यादा क्षेत्र में अवैध निर्माण किया। उन्होंने 2008 से 2025 के बीच लगभग 100 संपत्तियां (मकान और दुकानें) बनाईं और हर महीने किराया वसूला।

## तीन और ब्राह्मण छात्रों ने सीईटी परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले जनेऊ काटने का आरोप लगाया

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में इंजीनियरिंग और अन्य संकायों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) के दौरान शिवमोगा में एक छात्र का ‘जनेऊ’ अपवित्र करने की घटना के बीच, बीदर, गडग और धारवाड़ में तीन और छात्रों को ‘जनेऊ’ उतारने के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। तीन ब्राह्मण छात्रों ने अब आरोप लगाया है कि या तो उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं करने दिया गया या फिर परीक्षा से पहले ही उनके जनेऊ उतारने के लिए उन्हें मजबूर किया गया। बीदर में एक अन्य छात्र को कथित तौर पर सीईटी परीक्षा देने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया। छात्रा की शिकायत और बीदर जिले के उपायुक्त द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के बाद, साईं दीप एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित साईं स्पुर्ति पीयू कॉलेज के प्रधानाचार्य और द्वितीय श्रेणी के सहायक को बर्खास्त कर दिया गया। हालकेरी (गडग जिला) और धारवाड़ में भी परीक्षा अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर जनेऊ को काटकर कूड़ेदान में फेंकने का मामला सामने आया है।

### उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने रविवार को कहा कि सरकार 16 अप्रैल को सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) में शामिल होने वाले ब्राह्मण छात्रों को ‘‘जनेऊ उतारने के लिए मजबूर’’ करने से जुड़े मामले में दोषी किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शिवकुमार ने बेलथांगडी वोक्कालिगारा सेवा संघ और वाणी शिक्षा संस्थान के एक नए भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

## सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना : सुक्खू



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार सुक्खू ने कहा कि प्रायोगिक परियोजना के आधार पर सरकार पहले 100 स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार जल्द ही राज्य में 700 नए होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने शिमला के बल्देयां में अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। सुक्खू ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सुधार पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुक्खू ने 13 नए अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाई और 2023 के मानसून में आपदा के दौरान अग्निशमन सेवाओं, होमगार्ड और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कर्मियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की भी प्रशंसा की।

## केवल 60 प्रतिशत देशों में ही हैं स्कूलों में भोजन एवं पेय पदार्थों संबंधी कानून, मानक : यूनेस्को

**नयी दिल्ली :** यूनेस्को की ‘ग्लोबल एजूकेशन रिपोर्ट (जीईएम)’ में खुलासा किया गया है कि केवल 60 प्रतिशत देशों में ही स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले कानून और मानक हैं। यह रिपोर्ट ‘लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन’ की अगुवाई वाले ‘स्कूल स्वास्थ्य एवं पोषण अनुसंधान कंसोर्टियम’ के साथ साझेदारी में प्रकाशित की गई है, जो ‘स्कूल मील्स कोलिशन’ की अनुसंधान पहल है। ‘ग्लोबल एजुकेशन रिपोर्ट’ (जीईएम) में कहा गया है, ‘‘ 187 देशों में से केवल 93 देशों में ही स्कूल के भोजन और पेय पदार्थों पर



कानून, अनिवार्य मानक या निर्देश हैं। हालांकि, इन 93 देशों में से केवल 29 प्रतिशत ने स्कूलों में खाद्य और पेय पदार्थों के विपणन को प्रतिबंधित करने के उपाय किए हैं तथा केवल 60 प्रतिशत देशों में ही खाद्य और पेय पदार्थों को विनियमित करने वाले मानक हैं।’’ जीईएम टीम ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वाले 30 देशों में स्कूल-आधारित खाद्य और पोषण शिक्षा के सर्वेक्षण-आधारित मूल्यांकन से पता चला कि इसका (खाद्य एवं पोषण शिक्षा का) स्कूल प्रणाली के साथ एकीकरण, एक स्वतंत्र विषय या पूरे पाठ्यक्रम के बजाय, ज्यादातर पाठ्येतर या परियोजना-आधारित गतिविधियों के माध्यम से हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया, ‘‘28 देशों में से केवल तीन में ही नियमित रूप से मूल्यांकन किया गया और उनका उपयोग किया गया। मूल्यांकन जानकारी में भोजन और पोषण, ज्ञान, भोजन पद्धति, पोषण की स्थिति, आदतों और आहार के बारे में दृष्टिकोण और धारणाओं में परिवर्तन शामिल थे।’’ रिपोर्ट में कहा गया है, ‘‘अधिकतर स्कूल भोजन कार्यक्रमों में पोषण, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ शिक्षा लक्ष्य भी होते हैं। हालांकि, ऐसे कार्यक्रम कम ही हैं जो मोटापे को रोकने या कम करने पर केंद्रित हैं।’’


## जम्मू कश्मीर के रामबन में भारी बारिश, भूस्खलन में तीन लोगों की मौत

**रामबन/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार तड़के भारी बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर आई बाढ़ और भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाशरी और बनिहाल के बीच करीब एक दर्जन स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की घटनाएं हुईं जिसके कारण यातायात रोक दिया गया। सैकड़ों यात्री 250 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर फंस गए, जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि सेरी



बागना गांव में बादल फटने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से दो की पहचान अकीब अहमद और मोहम्मद साकिब के रूप में की गई है। वे दोनों भाई थे। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक गांव में बचाव अभियान जारी था। इन तीन लोगों की मौत होने के साथ ही जम्मू क्षेत्र में पिछले दो दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इससे पहले, रियासी जिले के अरनास इलाके में शनिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई थी और एक अन्य महिला घायल हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि धर्म कुंड गांव में अचानक आई बाढ़ के कारण करीब 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

# कोहली और पडिक्कल के अर्धशतक, आरसीबी ने पंजाब किंग्स को सात विकेट से हराया



**मुल्लांपुर :** आईपीएल 2025 के 37वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को उनके घर पर हरा दिया है। टीम ने अब तक अवे मैचों में अपने 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखा है। आरसीबी ने जो तीन मैच गंवाए हैं, वह अपने घरेलू मैदान पर गंवाए हैं। घर से बाहर टीम ने अपने पांचों मैच जीते हैं। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 157 रन बना सकी। जवाब में बेंगलुरु ने 18.5 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इसी के साथ बेंगलुरु ने पंजाब से पिछली हार का बदला भी ले लिया। पंजाब ने शुक्रवार को चिन्नास्वामी में बेंगलुरु को पांच विकेट से हराया था। विराट कोहली 73 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन बनाए। इस जीत के साथ बेंगलुरु की टीम 10 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। वहीं, पंजाब की टीम चौथे स्थान पर लुढ़क गई है। उसके भी 10 अंक हैं। पंजाब ने अब तक आठ में से पांच मैच जीते हैं और तीन में हार का सामना करना पड़ा है। बेंगलुरु का अगला मैच 24 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से बेंगलुरु में है। वहीं, पंजाब का अगला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स से ईडन गार्डेंस में है। इससे पहले क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने अच्छी गेंदबाजी की थी और दो-दो विकेट लिए थे। पंजाब को कम स्कोर पर रोकने में इनका अहम योगदान रहा था। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए थे।

### पंजाब की पारी

पंजाब ने 20 ओवर के बाद छह विकेट गंवाकर 157 रन बनाए थे। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की शुरुआत अच्छी रही थी। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंद में 42 रन जोड़े थे। इसके बाद हालांकि, पंजाब का मध्यक्रम लड़खड़ा गया और टीम का स्कोर 68 रन पर तीन विकेट हो गया। क्रुणाल ने पांचवें ओवर में प्रियांश को टिम डेविड के हाथों कैच कराया। फिर उन्होंने सातवें ओवर में प्रभसिमरन सिह को भी डेविड के हाथों कैच कराया। प्रियांश 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन और प्रभसिमरन 17 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बना सके। इसके बाद श्रेयस खराब शॉट खेलकर आउट हुए। वह रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर क्रुणाल को कैच थमा बैठे। श्रेयस 10 गेंद में छह रन बना सके। इसके बाद जोश इंगलिस और नेहल वढेरा के बीच गलतफहमी हुई और दो रन लेने के चक्कर में नेहल रन आउट हो गए। वह पांच रन बना सके। जोश इंगलिस ने शशांक सिंह के साथ मिलकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने 14वें ओवर में दो विकेट लेकर पंजाब की पारी को फिर परेशानी में डाल दिया।

### बेंगलुरु की पारी

बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। फिल सॉल्ट को पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने विकेटकीपर जोश इंगलिस के हाथों कैच कराया था। इसके बाद विराट कोहली और इम्पैक्ट प्लेयर देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी निभाई। पडिक्कल ने आईपीएल करियर का नौवां अर्धशतक लगाया। वह 35 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 61 रन बनाकर आउट हुए। कोहली ने आईपीएल करियर का 59वां अर्धशतक लगाया। वह 54 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान रजत पाटीदार 12 रन बनाकर आउट हुए। जितेश शर्मा आठ गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और चहल को एक-एक विकेट मिला।

## एक छोर पर विकेट नहीं गंवाने का फायदा मिल रहा है: कोहली


**मुल्लांपुर:** अपनी सोची-समझी पारी से एक बार फिर लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने वाले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि एक छोर को संभालकर रखने और अन्य खिलाड़ियों के अपने सामान्य आक्रामक अंदाज में खेलने की रणनीति रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए अच्छी तरह से काम कर रही है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली की 54 गेंद में नाबाद 73 रन की पारी से सात विकेट से जीत दर्ज की जो टीम की विरोधी के मैदान पर पांच मैच में पांचवीं जीत है। आरसीबी ने यह जीत इसी टीम के खिलाफ 48 घंटे से भी कम समय पहले मिली हार के बाद दर्ज की है। कोहली ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि देव (पडिक्कल) ने आज अंतर पैदा किया, यह पुरस्कार (मैन ऑफ द मैच) उसे मिलना चाहिए, मुझे नहीं पता कि उन्होंने यह मुझे क्यों दिया। मैं तेजी से रन बना सकता हूं लेकिन मैं अन्य खिलाड़ियों की ताकत को समझना चाहता हूं। इस समय एक छोर संभाले रखना हमारे लिए कारगर साबित हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हमने खुद को अच्छी तरह से तैयार किया है। देव मेरे इर्द-गिर्द खेल सकते हैं, शायद रजत (पाटीदार) मेरे इर्द-गिर्द खेल सकते हैं। हमेशा एक ही तरह से आगे बढ़ने का लोभ रहता है।

## रोहित और सूर्यकुमार के धमाकेदार अर्धशतक, मुंबई इंडियंस नौ विकेट से जीता



**मुंबई :** सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा की शानदार साझेदारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को नौ विकेट से हराया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 176 रन बनाए थे, लेकिन रोहित और सूर्यकुमार ने दूसरे विकेट लिए शतकीय साझेदारी की जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुंबई के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे रोहित 45 गेंदों पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 76 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंदों पर छह चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद 68 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रियान रिक्लेटन और रोहित ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। मुंबई को पहला झटका रिक्लेटन के रूप में लगा जो 19 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। पिछले कुछ बार की तरह इस मैच में भी मुंबई ने रोहित का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर किया। रोहित पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे थे, लेकिन इस मैच में वह अलग ही लय में नजर आए। रोहित ने इस सीजन का अपना पहला अर्धशतक 33 गेंदों पर जड़ा और फॉर्म में जबरदस्त तरीके से वापसी की। रोहित का साथ सूर्यकुमार ने बखूबी निभाया जो शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करते दिखे। सूर्यकुमार ने महज 26 गेंदों पर पचासा पूरा किया। इसके बाद तो सूर्यकुमार अलग ही गियर में नजर आए। सूर्यकुमार और रोहित ने 16वां ओवर डालने आए मथीशा पथिराना को आड़े हाथों लिया और तीन छक्के लगाकर मैच अपने नाम कर लिया। सीएसके के लिए एकमात्र सफलता रवींद्र जडेजा को मिली। मुंबई की यह आठ मैचों में चौथी जीत है और वह आठ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर आ गई है। वहीं, सीएसके को आठ मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा और वह तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है।

## गुजरात के खिलाफ कोलकाता के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम





**कोलकाता:** मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में अपने बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोलकाता की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 112 रन के लक्ष्य काफी अच्छा करते हुए 95 रन पर आउट हो गई थी। उसका टीम प्रबंधन बल्लेबाजों की इस खराब प्रदर्शन से निश्चित रूप से चिंता में होगा। कोलकाता ने हालांकि अपने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से अपने टीम प्रबंधन से जोड़ा है। नायर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया था। कोलकाता ने इसके तुरंत बाद उन्हें अपनी टीम से जोड़ दिया था। केकेआर के पूर्व सहायक कोच नायर की घर वापसी से निश्चित रूप से टीम को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसके वर्तमान में सात मैचों में छह अंक हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम पांच मैच जीतने की जरूरत है। नायर ने पहले ही उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाजों के साथ काम करना शुरू कर दिया है जो इस सत्र की दो कमजोर कड़ी हैं। इस सत्र में 23.75 करोड़ रुपये के साथ टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी अय्यर ने 24.20 की औसत से केवल 121 रन बनाए हैं, जबकि रमनदीप छह पारियों में सिर्फ 29 रन ही बना पाए हैं। आंद्रे रसेल के नाम पांच पारियों में सिर्फ 34 रन दर्ज हैं, जबकि रिंकू सिंह ने 38.66 की औसत से 116 रन बनाए हैं। बल्लेबाजों में केवल कप्तान अजिंक्य रहाणे (221 रन, 2 अर्द्धशतक) और युवा अंगकृष रघुवंशी (170 रन) ने ही अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्ष क्रम में क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने कुछ मैच में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन उनके प्रदर्शन में ही निरंतरता का अभाव है। इस मैच के लिए दो पिचें तैयार की गई हैं और एक में घास की अतिरिक्त परत है जिसे काटा नहीं गया है। पिच को लेकर फैसला टीम की रणनीति पर आधारित होगा। कोलकाता का टीम प्रबंधन पहले भी पिच को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुका है क्योंकि टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिल रहा है।

## एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की शानदार शुरुआत

अम्मान (जॉर्डन): भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कुबनिचबेक बोलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है। इसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन हासिल है।

## बाबुता मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूके, भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

**लीमा (पेरू):** पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा। फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा।

## बांग्लादेश 191 रन पर सिमटा, जिम्बाब्वे के बिना विकेट गंवाए 67 रन

**सिलहट (बांग्लादेश):** मेहमान जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को पूरी तरह नियंत्रण बनाया जिससे घरेलू टीम खराब बल्लेबाजी के कारण पहली पारी में 191 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में जिम्बाब्वे ने बिना किसी नुकसान के 67 रन बनाए, लेकिन खराब रोशनी के कारण दिन का खेल पहले ही समाप्त कर दिया गया। ब्रायन बेनेट 37 गेंद पर छह चौके लगाकर 40 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि बेन कुरेन 17 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने बांग्लादेश के गेंदबाजों का चतुराई से सामना करते हुए अपनी बढ़त बनाए रखी। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक 56 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 40 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज प्रभाव नहीं डाल पाया। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजुरबानी और बायें हाथ के स्पिनर वेलिंगटन मास्काद्जा ने तीन तीन विकेट झटके। तेज गेंदबाज विक्टर न्यायुचु ने 74 रन देकर दो विकेट झटके।



## गोयल की लंदन, ओस्लो, ब्रसेल्स की यात्राएं 28 अप्रैल से



नयी दिल्ली, 20 अप्रैल (भाषा) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की लंदन, ओस्लो और ब्रसेल्स की संभावित यात्राएं 28 अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि इन शहरों की पांच दिवसीय यात्रा का उद्देश्य ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देना है। लंदन यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है और दोनों पक्ष शेष मुद्दों को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। सूत्रों ने संकेत दिया है कि अब ब्रिटेन के साथ बातचीत का एक और पूर्ण दौर संभव नहीं है क्योंकि चर्चाएं तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। ओस्लो की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने पिछले साल मार्च में चार यूरोपीय देशों के ब्लॉक ईएफटीए के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस साल इसके लागू होने की उम्मीद है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत भारत को समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे व पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। दूसरी ओर, 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौते के लिए बातचीत भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। भारत और 27 देशों का यह समूह व्यापक समझौते पर पहुंचने से पहले एक प्रारंभिक समझौते पर चर्चा करने की संभावना तलाश रहा है।

# चीनी आयात पर अमेरिकी शुल्क से भारतीय खिलौना विनिर्माता 'सुनहरे अवसर' का लाभ उठाने को तैयार



**नयी दिल्ली:** भारत के खिलौना निर्यातक अमेरिका द्वारा चीन के आयात पर लगाए गए भारी शुल्क तथा चीनी वस्तुओं पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक बाजारों पर नजर रखने वाले अमेरिकी खरीदारों की बढ़ती पूछताछ से उभरने वाले 'सुनहरे अवसर' का लाभ उठाने की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय खिलौना संघ ने अनुपालन जरूरतों को पूरा करते हुए अमेरिकी बाजार में निर्यात करने की क्षमता रखने वाली लगभग 40 कंपनियों को चिह्नित किया है। संघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वर्तमान में, लगभग 20 कंपनियां अमेरिकी बाजार में भारी मात्रा में खिलौनों का निर्यात करती हैं। उन्होंने कहा, हमें पिछले एक महीने में अमेरिकी खिलौना खरीदारों से अधिक पूछताछ मिल रही है। कुछ भारतीय निर्यात घरानों ने भी हमसे संपर्क किया है और उन विनिर्माताओं की सूची मांगी है जो अमेरिकी नियमों और विनियमों के अनुसार खिलौना उत्पाद बना सकते हैं। वे अमेरिकी खिलौना बाजार की अनुपालन जरूरतों को पूरा करने में सक्षम 'व्हाइट लेबलिंग' (दूसरी कंपनी के उत्पाद को अपने नाम से बेचने वाले) और मूल उपकरण विनिर्माताओं की तलाश कर रहे हैं। जीएमआई रिसर्च के अनुसार, अमेरिका का खिलौना बाजार 2024 में 42.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया और 2032 में इसके 56.9 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह 2025-2032 तक 3.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा, जो शैक्षिक और संवादात्मक खिलौनों के प्रति उपभोक्ताओं की वरीयताओं में बदलाव से प्रेरित है। अग्रवाल ने कहा, अमेरिका खिलौनों के लिए एक बड़ा बाजार है और अगर चीन पर उच्च शुल्क लगाया जाए और भारत पर कम शुल्क लगाया जाए तो हमें फायदा होगा। उन्होंने कहा, खिलौना क्षेत्र में भारत की करीब 20 कंपनियां पहले से ही अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात कर रही हैं। अगर हमें अन्य देशों की तुलना में कम दरों के मामले में शुल्क का लाभ मिलता है, तो हम अमेरिकी बाजार में भारतीय खिलौनों की उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

## श्याम भरतिया के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोप झूठे पाए गए: कंपनी




**नयी दिल्ली:** पुलिस ने जुबिलेंट भरतिया समूह के चेयरमैन श्याम एस भरतिया के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल की है। पुलिस ने आरोपों को निराधार और झूठा पाया है। समूह ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। समूह ने बताया कि अदालत ने शनिवार को पुलिस द्वारा दाखिल 'क्लोजर रिपोर्ट' की जांच करने और शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करने के बाद उसे स्वीकार कर लिया। जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड (जेएफएल) ने दाखिल किए गए दस्तावेज में कहा, पुलिस अधिकारियों ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है, क्योंकि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और झूठे पाए गए हैं। माननीय न्यायालय ने क्लोजर रिपोर्ट और शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए बयानों की जांच करने के बाद उक्त क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करने का आदेश पारित किया है। ...इसलिए, श्याम एस भरतिया के खिलाफ कोई मामला नहीं है। जेएफएल ने कहा कि भरतिया ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में, कंपनी को दिए गए पहले के बयान में सभी आरोपों से इनकार किया था। जेएफएल 'फास्ट-फूड' श्रृंखला डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स का संचालन करती है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भरतिया और उनके एक सहयोगी के खिलाफ एक बॉलीवुड अभिनेत्री ने बलात्कार और आर्थिक धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। जेएफएल ने 25 फरवरी, 2025 को घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया था, ...कंपनी को जुबिलेंट भारतिया समूह के चेयरमैन श्याम एस भारतिया से एक बयान प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों को निराधार, झूठा और अपमानजनक बताते हुए इनकार किया है तथा कहा है कि ये आरोप उनके खिलाफ स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण इरादे से लगाए गए हैं।

## एमटीएनएल 8,346 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के भुगतान में चूकी

**नयी दिल्ली:** बैंकों के 8,346.24 करोड़ रुपये के ऋण के भुगतान में चूक गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने 19 अप्रैल को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2025 तक उसपर कर्ज का बोझ 33,568 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कुल ऋण चूक में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 3,633.42 करोड़ रुपये का बकाया, इंडियन ओवरसीज बैंक का 2,374.49 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया का 1,077.34 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक का 464.26 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 350.05 करोड़ रुपये, यूको बैंक का 266.30 करोड़ रुपये और मूलधन और ब्याज भुगतान सहित 180.3 करोड़ रुपये शामिल हैं। ऋण भुगतान में चूक अगस्त, 2024 से फरवरी, 2025 के बीच हुई है। कंपनी पर कुल बकाया ऋण में 8,346 करोड़ रुपये का बैंक कर्ज, 24,071 करोड़ रुपये के सॉवरेन गारंटी (एसजी) बॉन्ड और एसजी बॉन्ड ब्याज का भुगतान करने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) से 1,151 करोड़ रुपये का ऋण शामिल है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी, 23 अप्रैल को शुरू होगी तीन दिन की वार्ता

**नयी दिल्ली:** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी आ रही है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच पहली आमने-सामने की तीन दिवसीय वार्ता 23 अप्रैल को वाशिंगटन में शुरू होने वाली है। अमेरिका ने भारत को जवाबी शुल्क से 90 दिन की राहत दी है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान दोनों देश किसी सहमति पर पहुंच जाएंगे। दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को भी अंतिम रूप दिया है। अमेरिका और भारत की कोशिश है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए। इसके तहत, दोनों पक्ष सीमित संख्या में वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इससे बाद के चरणों में अधिक जटिल वार्ता (जैसे सरकारी खरीद और डिजिटल व्यापार जैसे मुद्दे) के लिए मंच तैयार हो सकता है। भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 को लागू हुआ था। अब दोनों देश इसके दायरे को बढ़ाकर एक व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए टीओआर में लगभग 19 अध्याय हैं। इनमें शुल्क, सामान, गैर-शुल्क बाधाएं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। वार्ता को और गति देने के लिए भारत का एक आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका जा रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी की सालबोनी परियोजना पूंजीगत व्यय के मामले में सबसे प्रतिस्पर्धी: अधिकारी

**कोलकाता:** जेएसडब्ल्यू एनर्जी का पश्चिम बंगाल के सालबोनी में स्थित अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र प्रति मेगावाट पूंजीगत व्यय के लिहाज से नवस्थापित परियोजनाओं में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी होगा। कंपनी के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस 1,600 मेगावाट की परियोजना की स्थापना के लिए 16,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी राज्य में और अधिक निवेश की योजना भी बना रही है, जिसमें पुरुलिया में 900-1,000 मेगावाट की पंप भंडारण परियोजना भी शामिल है। यह इसके 40 गीगावाट घंटे भंडारण क्षमता हासिल करने की योजना का हिस्सा है। सालबोनी परियोजना में 800 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। समूह के पास पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी में एक सीमेंट पीसने की इकाई भी है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के संयुक्त प्रबंध निदेशक शरद महेंद्र ने कहा, 'परियोजना की लागत 16,000 करोड़ रुपये है और यह कंपनी द्वारा नवस्थापित परियोजना में किगा गया सबसे बड़ा निवेश है। यह रणनीतिक महत्व भी रखता है।' जेएसडब्ल्यू एनर्जी के निदेशक (वित्त) प्रीतेश विनय ने कहा कि इस परियोजना को 10 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की पूंजी लागत पर तैयार किया जा रहा है। इस तरह यह देश में हाल में घोषित अन्य परियोजनाओं की तुलना में सबसे अधिक लागत कुशल बिजली परियोजनाओं में से एक है।

## एनएसई ने 2024-25 में 84 लाख नए डीमैट खाते जोड़े, ग्रो और एंजल वन का रहा बड़ा योगदान

**नयी दिल्ली:** भारत के पूंजी बाजारों में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी हुई। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 84 लाख से अधिक नए सक्रिय डीमैट खाते जोड़े गए। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 20.5 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही एनएसई पर कुल सक्रिय डीमैट खाते बढ़कर 4.92 करोड़ हो गए। इस वृद्धि में सबसे आगे दो डिजिटल ब्रोकरेज कंपनियां- ग्रो और एंजल वन हैं।

## बीएचईएल का राजस्व 2024-25 में 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बीते वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक ऑर्डर भी हासिल किया। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपये हो गई। बयान के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपये (अस्थायी) का राजस्व दर्ज किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि बिजली क्षेत्र में उसने 81,349 करोड़ रुपये के ऑर्डर हासिल कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। औद्योगिक खंड में 11,185 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले।

वर्ष 10, पूर्णांक 4213 अंक 023, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in